चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 285 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

12 अप्रैल 2025 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

35 अधिकतम

21 न्यूनतम



Page-7


### आज शाम से लाल किले पर महानाट्य का तीन दिनी आयोजन

# सरकार का दिल्ली कूच, महामंचन के लिए जुटे मंत्री-अफसर, धरोहरों व अवसरों पर फोकस

**भोपाल/ नई दिल्ली, दोपहर मेट्रो।**

मप्र सरकार आज दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केंद्रित महानाट्य के मंचन के दौरान का मंचन 'मौजूद' रहेगी। दरअसल आज से तीन दिन तक दिल्ली के लालकिले पर इसका मंचन शुरू हो रहा है। खास बात यह है कि महानाट्य के पात्रों ने रात को दिल्ली में रोड शो भी किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सम्राट विक्रमादित्य का पात्र निभाने वाले कलाकार विक्रम सिंह चौहान की आरती उतारी, तिलक लगाया और पुष्पाहार पहना कर स्वागत किया। सम्राट विक्रमादित्य को रथ पर बैठाकर फतेहपुरी, चांदनी चौक से लालकिले तक भव्य शोभा यात्रा तक लाया गया। आज आयोजन में उपराष्ट्रपति जनदीप धनखड़, मुख्यमंत्री मोहन यादव व दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता व केंद्रीय मंत्री और मप्र सरकार के लगभग सभी मंत्री मौजूद रहेंगे। दिल्ली सीएम ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के मंचन के चलते अब दिल्ली उनके यशगाथा से परिचित होगी। यह दिल्लीवासियों के लिए अपनी विरासत, संस्कृति और परंपरा से जुड़ने का अवसर है।

उल्लेखनीय है कि इस आयोजन के लिए बीते करीब एक महीने से दिल्ली में तैयारियां की जा रही हैं। कई अफसरों को इसके लिये जिम्मेदारी दी गई है। सीएम यादव के मार्गदर्शन में संस्था विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति ने महानाट्य की परिकल्पना को साकार किया है। महानाट्य में विक्रमादित्य के जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की सभी गाथाएं अंकित की गई है।अब आज शाम को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 'विक्रमोत्सव' में सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ करेंगे। वहीं केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की भी उस्थित रहेंगे। खास बात यह है कि लालकिले पर विक्रमादित्य और अयोध्या, विक्रमादित्य कालीन पुरातात्विक मुद्रा मुद्रांक, वृहत्तरभारत के सांस्कृतिक वैभव, मध्यप्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं,प्रदेश में निवेश तथा रोजगार सृजन के अवसरों में लोकव्यापीकरण के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियाँ भी लगाई जा रही हैं। आयोजन का एक अन्य उद्देश्य सम्राट विक्रमादित्य की ऐतिहासिक विरासत और मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को आमजन तक पहुंचाना है। 'महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य' में उनके जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की गाथा को 125 कलाकारों और 50 से अधिक सहायक दल के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। प्रस्तुति को भव्यता देने के लिए रथ, अश्व, पालकी, ऊंट के साथ-साथ एलईडी ग्राफिक्स और तीन स्टेज का प्रयोग किया जा रहा है।



**महाकाल का होलोग्राम:** बताया जाता है कि विक्रमोत्सव में मध्यप्रदेश की हस्तशिल्प, पारंपरिक कलाएं टूरिज्म पवेलियन में मप्र के नए पर्यटन सर्किट, निवेश और रोजगार के अवसरों की जानकारी देने अमला तैनात किया गया है। तकनीकी नवाचारों के तहत बाबा महाकाल का होलोग्राम प्रदर्शन किया जाएगा यह कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भी माना जा रहा है।



### सफर से पहले सुमिरन

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज भोपाल से रवाना होने से पहले हनुमान जयंती के अवसर पर राजकीय विमानतल स्थित मंदिर पहुंच कर प्रभु के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

### शाह का शो और वक्फ पर 'प्रतिक्रिया' के कयास

इधर कल भोपाल में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे। उनकी मौजूदगी में राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन होगा। इस मौके पर दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) के बीच एग्रीमेंट होगा। प्रकारांतर से यह संयंत्र अब एनडीडीबी के अधीन होंगे। इसीके साथ मप्र में श्वेत क्रांति की शुरूआत होगी। संयंत्रों में दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता को 18 लाख लीटर से बढाकर 30 लाख लीटर प्रतिदिन करने की शुरूआत होगी। पुराने संयंत्रों को बदलकर नये व आधुनिक संयंत्र स्थापित होंगे। मगर खास बात यह है कि वक्फ बिल पास होने व कानून बन जाने के बाद शाह के दौरे के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। भोपाल में इस बिल के समर्थन में मुस्लिम समुदाय ने खुलकर खुशी जाहिर की थी। लिहाजा कयास हैं कि शाह यहां वक्फ बिल को लेकर कुछ प्रतिक्रिया जरूर देंगे।




## राहुल गांधी का फिर गुजरात फेरा, संगठन में बदलाव की शुरुआत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

गुजरात में दो दिन के अधिवेशन पश्चात राहुल गांधी अगले हफ्ते फिर से राज्य के दौरे पर पहुंच रहे हैं। वे यहां से संगठन में किए जाने बदलावों की शुरुआत करेंगे। जानकारी के अनुसार राहुल बिना किसी देरी के गुजरात में पार्टी के संगठन को नया रूप दे रहे हैं। वे राजस्थान से सटे गुजरात के अरवल्ली जिले से संगठन में बदलाव की शुरुआत करेंगे। उनके मोडासा में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने का कार्यक्रम रखा गया है। दरअसल अधिवेशन के बाद महासचिव जयराम रमेश ने नूतन गुजरात-नूतन कांग्रेस (नया गुजरात-नई कांग्रेस) का स्लोगन दिया था। उन्होंने कहा है कि-गुजरात में कांग्रेस क्यों? इस सवाल के साथ पार्टी अब लोगों के बीच जाएगी।



## सैफ केस: पुलिस ने 1613 पेज की चार्जशीट दायर की

**मुंबई।** सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने बांद्रा कोर्ट में 1613 से ज्यादा पेज की चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट में सैफ की वाइफ करीना कपूर का भी स्टेटमेंट है। सैफ अली खान पर 15 जनवरी की रात करीब ढाई बजे चाकू से हमला किया गया था। करीना ने अपने स्टेटमेंट में पूरी घटना को बताया। नैनी ने बताया था कि जह बाबा के कमरे में एक आदमी है और उसके हाथ में चाकू है। वह पैसे मांग रहा है। जिसके बाद करीना और सैफ जहांगीर के कमरे में पहुंचे और हमलावर को देखा। तभी हमलावर ने सैफ पर चाकू से वार किया।

## 3 आतंकवादियों को घेरकर मारा, एक जेसीओ शहीद



**श्रीनगर, दोपहर मेट्रो।**

जम्मू-जिले के अखनूर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में पंजाब रेजिमेंट के जेसीओ कुलदीप चंद शहीद हो गए। अखनूर के केरी बट्टल इलाके में देर रात एनकाउंटर शुरू हुआ था। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा हुआ है। सेना ने ङ्ग पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उधर घने जंगलों में एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने शुक्रवार देर रात तक 3 आतंकियों को मार गिराया। ऑपरेशन रात से चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के हैं। इनमें टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है। इससे पहले 4 और 5 अप्रैल की दरमियानी रात जम्मू में एलओसी पर आरएस पुरा सेक्टर पर जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था।

## बीमार को ले जा रहे परिवार का वाहन पलटा, 4 मौतें

**झाबुआ, दोपहर मेट्रो।**

बीती देर रात पेटलावद के रायपुरिया थाना क्षेत्र में बोलासा घाट पर सवारी वाहन (टैम्पो ट्रैक्स) पलटने से महिला समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। इलाज के दौरान भी एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। इस तरह मृतकों की संख्या 4 हो गई है। सभी घायलों को पेटलावद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी 2 की हालत ज्यादा गंभीर है,इन्हें इलाज के लिये गुजरात के दाहोद रेफर किया गया है। पेटलावद पुलिस के मुताबिक सभी लोग धार जिले के रहने वाले हैं। ये लोग परिवार के एक व्यक्ति को जहर खाने के बाद इलाज के लिए पेटलावद सिविल अस्पताल लेकर जा रहे थे। इसी दौरान बोलासा घाट पर वाहन चालक ने संतुलन खो दिया और गाड़ी पलट गई।

## टैरिफ वार : चीन नया बाजार तलाशने की जुगत में, अमेरिका ने फिर चेताया

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अमेरिका द्वारा 145 फीसदी टैरिफ चीन पर लगाने के बाद चीन ने भी 125 फीसदी टैरिफ ठोक दिया है। अब चीन नया बाजार ढूंढने की फिराक में भी नजर आया है। उसने यूरोपिय संघ से गुहार लगाई है, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने कहा कि अमेरिका के इस एकतरफा धौंस का विरोध करना चाहिए। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के साथ बैठक में जिनपिंग ने अमेरिका के आर्थिक दबावों का विरोध करने के लिए चीन और यूरोपीय संघ के साथ मिलकर काम करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चीन और यूरोप को अपनी अंर्तराष्ट्रीय जिम्मेदारियों को पूरा करना चाहिए और एकतरफा धमकाने वाली प्रथाओं का मिलकर विरोध करना चाहिए। हमें व्यापार तनाव को चीन और स्पेन के बीच और चीन और यूरोपीय संघ के बीच संबंधों के संभावित विकास के रास्ते में नहीं आने देना चाहिए। इस आउटरीच को बाहरी दुनिया को सकारात्मक संदेश भेजने के रूप में दिखाया जा रहा है।




उधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ बढ़ोतरी का बचाव करते हुए कहा, हम कोशिश कर रहे हैं कि दुनिया हमारे साथ उचित व्यवहार करे। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने बीजिंग को चेतावनी दी कि बदला न लें।

**हम बंदूक की नोक पर डील नहीं करते:** इधर 90 दिनों की टैरिफ राहत के बाद भारतीय वाणिज्य उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, मैंने पहले भी कई बार कहा है कि हम बंदूक की नोक पर डील नहीं करते। समयसीमा अच्छी होती है क्योंकि वे बातचीत को तेज करती हैं, जब तक हम देश और जनता के हितों की रक्षा करने में सक्षम नहीं होते, तब तक जल्दबाज़ी करना उचित नहीं होता।

## आस्ट्रेलिया में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर फिर की तोड़फोड़

**कैनबरा, एजेंसी**

आस्ट्रेलिया के मेलबर्न के भारतीय वाणिज्य दूतावास में एक बार फिर तोड़फोड़ की गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गत रात करीब 1 बजे दूतावास के मेन गेट पर लाल रंग से बनाए गए निशान दिखे। घटना के बाद कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस मुद्दे को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के सामने रखा। इस दूतावास में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय तनाव के दौरान पहले भी यहां की दीवारों पर भड़काऊ नारे लिखे गए थे। विक्टोरिया पुलिस के प्रवक्ता ने बताया, %हमें लगता है कि किसी समय इमारत के मेन गेट पर किसी ने निशान बनाए हैं। इस नुकसान की जांच अभी जारी है।पुलिस ने अब तक ये नही बताया है कि किसी संदिग्ध की पहचान हुई है या नहीं।

**मेट्रो एंकर** — मौसम ने फिर मारी बड़ी पलटी, कई राज्यों में लू की हवा निकली

# धूलभरी आंधी ने रोकी हवाईजहाजों की राह, एयरपोर्ट पर स्टेशन जैसा नजारा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

मौसम ने दिल्ली के व्यस्त एयरपोर्ट की व्यवस्था को बेहाल कर दिया है। दिल्ली में कल शाम चली धूल भरी आंधी के बाद दिल्ली एयरपोर्ट का हाल-बेहाल हो गया। यहां 50 फ्लाइट लेट हो गई, जिसके बाद टर्मिनल-3 पर भगदड़ जैसे हालात हो गए। कई यात्रियों को 12 घंटे तक एयरपोर्ट पर ही इंतजार करना पड़ा। आंधी के कारण एयरपोर्ट पर विमान परिचालन लगभग ठप रहा। यात्रियों ने अव्यवस्था के लिए एयरलाइन के मिसमैनेजमेंट को जिम्मेदार ठहराया। बीती रात से आज सुबह तक इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से संचालित होने वाली 50 से ज्यादा घरेलू फ्लाइट लेट रहीं। इस दौरान करीब 25 विमानों का रूट डायवर्ट करना पड़ा। धूल भरी आंधी के कारण सात फ्लाइट रद्द कर दी गई। एयरपोर्ट पर हुई अव्यवस्था के चलते यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। कई लोगों ने अपने अकाउंट से बोर्डिंग गेट पर भीड़भाड़ वाली तस्वीरें शेयर कीं। किसी ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय और एयर इंडिया को टैग करते हुए लिखा सबसे खराब मैनेजमेंट, गलत जानकारी देने वाला विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा। बस स्टैंड से भी बदतर! हालांकि इस पर एअर इंडिया ने जवाब कहा कि कंपनी यात्री की समस्या समझ रही है, लेकिन खराब मौसम के प्रतिकूल प्रभाव के कारण उड़ानें प्रभावित हुई हैं।



### बिना अनुमति कथा में आंधी से अफरातफरी, प्रशासन ने लगाई रोक

**चुरू।** राजस्थान के चूरू में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में तेज आंधी के कारण पंडाल उखड़ गया। इसके बाद कथा स्थल पर अफरा-तफरी मच गई, जिसमें एक महिला सहित 3 लोग घायल हो गए है। इस अफरा-तफरी में कई महिलाओं की सोने की चेन चोरी हो गई। बताया जाता है कि शिव महापुराण कथा रतनगढ़ में चल रही थी तथा यह कार्यक्रम बिना प्रशासन की अनुमति के कराया जा रहा था। आज से ही इसकी शुरुआत हुई थी और अगले सात दिन चलने वाली थी। इसमें देशभर से करीब 2 से 2.5 लाख लोगों के आने की संभावना थी। हादसे के बाद प्रशासन ने पांडाल और डोम खाली करा दिया तथा कथा के आयोजन पर रोक लगा दी है।

### मौसमी राहत: अब मप्र में चार दिन लू रहित

**भोपाल।** मप्र में अब मौसमी राहत की खबर यह है कि 15 अप्रैल तक तेज गर्मी और लू का अलर्ट नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 4 दिन बारिश, ओले, आंधी और गरज-चमक की संभावना है। इससे पहले कल ग्वालियर समेत कई शहरों में बारिश हुई, जबकि भोपाल में बादल छाए रहे ।सुबह व शाम की हवा अपेक्षाकृत ठंडी लग रही है ।जिससे दिन के पारे में थोडी गिरावट हुई है ।उधर आज पाढ़ुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में ओले गिरने के आसार हैं। जबकि भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, शहडोल, सागर संभाग के 31 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अनुमान है। ऐसा ही मौसम 15 अप्रैल तक बना रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और दो ट्रफ के एक्टिव होने की वजह से प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। 15 अप्रैल तक लू का असर नहीं रहेगा। दिन-रात के पारे में गिरावट भी देखने को मिलेगी।






भोपाल। आज महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती पर 7 नम्बर स्टॉप स्थित मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा, स्वतंत्र प्रभार मंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवान दास सबनानी, पूर्व एडिशनल कमिश्नर जीपी माली एवं माली समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। फोटो निर्मल व्यास




भोपाल। हनुमान जयंती पर तुलसी नगर में जोन अध्यक्ष ब्रजुला सचान ने व्यापारी संघ सेकंड स्टॉप के विकास सडाना और अन्य सदस्यों पदाधिकारियों के साथ भजन प्रस्तुत किए। भक्तों को प्रसाद वितरण किया। भक्तों का हनुमान मंदिर में मेला लगा,पूजा अर्चना की गई। सुभाष वर्मा, गिरीश चंदानी ,सीमा वर्मा आदि उपस्थित थे।

### दूरस्थ इलाकों में खोले गए कॉलेज, सूने पड़े कॉलेजों को देख अब प्रोफेसर भी हताश

# 571 सरकारी कॉलेज: 20 फीसदी में प्रवेश आंकड़ा दहाई तक भी नहीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। इसके साथ ही विद्यार्थियों की पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए कई नई-नई योजनाएं भी लागू की हैं। यहां तक छात्राओं को निःशुल्क प्रवेश देने के साथ उन्हें प्रोत्साहन राशि तक दी जा रही है। हालांकि इसके बाद भी प्रदेश के करीब 119 कॉलेजों में प्रवेश की स्थिति ठीक नहीं हैं हालात यह हैं कि प्रदेश के 571 सरकारी कालेजों में से बीस फीसदी कालेज विद्यार्थियों के लिए तरस रहे हैं। उन्हें सौ विद्यर्थियों के प्रवेश तक नसीब नहीं हुए हैं। यहां तक विगत तीन साल में शुरू किए गए नये कालेजों में प्रवेश का आंक?ा दहाई तक नहीं च?ा। विभागीय सूत्रों की माने तो अब यहां तक पचास से कम प्रवेश वाले कॉलेजों को बंद करने की योजना सरकार बना रही है। यह विचार अभी मंत्री स्तर तक चर्चा में बना हुआ है। इसे आगामी सत्र 2025-26 में अमल में लाया जा सकता है।

### विधायक और सांसदों की मांगों पर खोले गए कॉलेज



जानकारों की माने तो दूरस्थ इलाकों में राजनीति के चलते एक-एक कालेज खोल दिए गए हैं। विधायक और सांसदों की मांगों पर खोले गए कॉलेज शासन के लिए सफेद हाथी पालने के बराबर हो गए हैं। जहां विद्यार्थियों के प्रवेश का आंकड़ा ईकाई और दहाई के बीच झूल रहा है।

### युक्तियुक्तिकरण कर अन्य कालेजों में भेजा जाएगा:

इन कॉलेजों में पढाने के लिए बड़ी संख्या में प्रोफेसरों को नियुक्त किया गया है। सूने पढ़े कालेजों को देख अब प्रोफेसर भी हताश हो रहे हैं। कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को पढाने के लिए शासन असिस्टेंट प्रोफेसर से लेकर प्राचार्य तक करीब ढाई से तीन लाख रुपये तक का वेतन दे रहा है। इसके अलावा कॉलेज में गैर शैक्षणिक स्टाफ का वेतन भी सरकार ही अदा कर रही है। ऐसे कॉलेजों के प्रोफेसरों युक्तियुक्तिकरण कर अन्य कॉलेजों में भेजा जाएगा।

### छात्रों को मिले शिक्षा

दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी उच्च शिक्षा आसानी से मिल सके और विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने उक्त कॉलेज खोले गए हैं। इसमें उदय नगर जिला देवास, रैगांव सतना, घुवारा छतरपुर, जैसीनगर सागर, दिमनी मुरैना, पिछोर ग्वालियर, गोरमी भिंड, राजोधा मुरैना, दिनारा शिवपुरी, गर्ल्स कालेज अनूपपुर और रिठौराकला जिला मुरैना में कॉलेज स्थापित किये हैं। इसके अलावा भोपाल के फंदा, लालघाटी स्थित संस्कृत कालेज की प्रवेश स्थिति बेहतर नहीं कह सकते है। भोपाल में नरेला कालेज भी स्थापित किया गया है।

कालेजों में प्रवेश संख्या बढ़ाने के लिए कालेज चलो अभियाढ़ चलाया जा रहा है। आगामी सत्र में भी अभियान के तहत सभी कालेजों में प्रवेश की संख्या में बढ़ोतरी होगी।
**- डॉ. धीरेंद्र शुक्ला,**
ओएसडी, उच्च शिक्षा विभाग

# फीस को लेकर निजी स्कूलों की मनमानी, कलेक्टर तक पहुंची शिकायत, कार्यवाही की मांग

### फीस वृद्धि निरस्त कराने पालक महासंघ मप्र ने कलेक्टर को लिखा पत्र, नामों की सूची सौंपी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूलों की मनमानी के खिलाफ पालक महासंघ मप्र ने कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है। पालक महासंघ के महासचिव प्रबोध पंड्या ने कलेक्टर को लिखे पत्र में कहा है कि मप्र शासन द्वारा मध्यप्रदेश निजी स्कूल (फीस तथा सम्बंधित विषयों के विनियमन) अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 के तहत सभी निजी स्कूलों को पोर्टल पर फीस तथा लेखे जोखे की जानकारी निर्धारित फीस के साथ सत्र प्रारंभ होने के 90 दिन पूर्व अपलोड करना फीस वृद्धि की अनिवार्य शर्त है। लेकिन कुछ स्कूलों द्वारा 31 मार्च 2025 तक भी जानकारी अपलोड नहीं की है। इन स्कूलों की जांच कर फीस वृद्धि पर रोक लगाने एवं आर्थिक दंड के सम्बन्ध में आदेश जारी किए जाएं। पालक महासंघ ने कलेक्टर को लिखे अपने पत्र में करीब दस स्कूलों के नाम भी दिए गए हैं। इन स्कूलों में जवाहर लाल नेहरु स्कूल भेल, विक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल भेल, विन्ध्याचल अकादमी, वर्ल्ड वे इंटरनेशनल स्कूल गुलमोहर होली क्रॉस को एड स्कूल लाम्बा खेडा, विक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल भेल, माउंट कार्मल स्कूल कोलार, दि ग्लोबल स्कूल गोविन्दपुरा, बाल भारती स्कूल नीलबड़ और ओरायन इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं।

### रेयान पब्लिक स्कूल में फीस बढ़ोत्तरी की शिकायत:

पालक महासंघ ने भोपाल स्थित रेयान पब्लिक स्कूल में फीस बढ़ोत्तरी की शिकायत भी कलेक्टर से की है। शिकायत में कहा गया है कि रेयान पब्लिक स्कूल की पोर्टल पर अपलोड की गई फीस की जानकारी के अनुसार स्कूल द्वारा कक्षा 9 से 12 तक 12 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक फीस वृद्धि की गई है। इस वृद्धि की अनिवार्य अनुमति के सम्बन्ध में कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं हो सका है। महासंघ ने मांग की है कि स्कूल की फीस तथा लेखों की जांच कर फीस वृद्धि पर रोक लगाने एवं आर्थिक दंड की कार्यवाही की जाए।

### प्रशासन की टीम पहुंची कार्मल कान्वेंट स्कूल

राजधानी के भेल स्थित कार्मल कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार को फीस और पुस्तकों को लेकर कुछ अभिभावकों ने हंगामा किया। इस दौरान अभिभावकों ने प्रशासन को इसकी शिकायत भी की है। शिकायत मिलने के बाद जिला स्तर पर बनाई गई जांच कमेटी स्कूल पहुंची। जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद टीम द्वारा जांच की गई है। मामले में रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# सिंधी मेला: सिंधी समाज के उत्सवी समागम का आज से आगाज

**हिरदाराम नगर.**सिंधी मेला समिति द्वारा लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में आज यानी 12 अप्रैल से पारिवारिक सिंधी मेले का आग़ाज होने जा रहा है, इस मेले की संपूर्ण तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी है। मेला सिंधी सभ्यता एवं सुहिनी सभ्यता पर आधारिक होगा, जिसमें ,समाज की संस्कृति, भाषा, बोली एवं सिंध की झलकियाँ को प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया जायेगा, इसके अलावा पहली बार इस मेले में सिंधी समाज का प्रमुख हिंगलाज माता का मंदिर जो वर्तमान में सिंध पाकिस्तान के बलूचिस्तान के प्रांत में हिंगोल नदी के किनारे पर स्थित है उस मंदिर का प्रारूप इस मेले प्रमुख आकर्षण का केन्द्र होगा। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि भगवान झूलेलाल के बहराने के साथ इस मेले की विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुरुआत कि जायेंगी, साथ ही मेले के प्रथम दिन देसी लेडी गागा (पिंकी मैदासानी, पिकोक) की प्रस्तुति भी इस वर्ष मेले में युवाओ के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगी, साथ ही युवाओं में जोश भरने के लिए सिम्फ़ोनी बैंड को भी मुख्य रूप से आमंत्रित किया गया है। रविवार को तारक मेहता उल्टा चश्मा फ़ैम टपू सेना भी इस सिंधी मेला में अपनी प्रस्तुति देकर इस मेले में चारचाँद लगायेंगे। इसके अलावा मेले में कई प्रकार के आकर्षण पुरस्कारों का भी वितरण समिति की और किया जायेगा।

### लोकमाता अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी पर राष्ट्र पुनरुत्थान पर शोध सम्मेलन हुआ शुरू

# लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन चरित्र, प्रेरणापुंज है

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर में लोकमाता अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय शोध सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन शुक्रवार को उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार द्वारा किया गया। मंत्री परमार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई स्वयं भारतीय ज्ञान परंपरा की जीवंत प्रतीक थीं। उन्होंने मंदिरों का पुनर्निर्माण, धार्मिक स्थलों का संरक्षण, लोक-शिक्षा का विस्तार और समाज कल्याण को अपना जीवन समर्पित किया। लोकमाता रानी अहिल्याबाई की दृष्टि राष्ट्रव्यापी थी। उनके कालखंड में नैतिक सत्ता विद्यमान थी। सामाजिक समरसता, न्याय और सुरक्षा के मजबूत स्तंभ, उनके कृतित्व की पहचान हैं। उनकी लोक समर्पित दृष्टि, दूरदर्शितापूर्ण नीतियां, कूटनीतिक कौशल, लोक कल्याणकारी प्रबंधन और पुरुषार्थ, भारत के गौरवशाली इतिहास को परिलक्षित करते हैं। लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन चरित्र के विविध आयामों की वर्तमान संदर्भ में, राष्ट के पुनर्निर्माण में उपयोगिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। मंत्री परमार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन चरित्र, प्रेरणापुंज है। राष्ट्र पुनरुत्थान की संकल्पना के पांच विषयों न्यायप्रियता एवं प्रशासनिक दक्षता, पंच परिवर्तन से लोक कल्याण, सांस्कृतिक पुनर्निर्माण से राष्ट जागरण, नारी स्वाभिमान जागरण से समाज उत्थान और सामाजिक कुरीतियों की चुनौतियां और उनका समाधान पर शोध पत्र प्रस्तुत किये जाएंगे।

**लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन बिंदु से विराट व्यक्तित्व बनने को चरितार्थ करता है:** कार्यक्रम में बीज वक्तव्य देते हुए हेमंत मुक्तिबोध ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन ÷बिंदु से विराट व्यक्तित्व÷ बनने को चरितार्थ करता है। अहिल्याबाई होल्कर दिव्य अवतार ना होकर भी उनमें अवतार वाली प्रतिभा और गुण थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन मीरा सिद्धार्थ दवे ने की, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकमाता अहिल्या बाई एकमात्र शासिका थी जिन्हें ÷पुण्यश्लोक÷ उपाधि मिली। उनकी दृष्टि में राष्ट्र सदैव प्रथम रहता था। उनका जीवन विभिन्न कठिनाइयों से भरा था किन्तु अहिल्या बाई होलकर अपने दायित्वों पर सदैव अडिग रही।

**125 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे:** निटर के निदेशक प्रो. सी.सी त्रिपाठी ने कहा कि यह सम्मेलन केवल अकादमिक संवाद का मंच नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना, ऐतिहासिक स्मृति और राष्ट निर्माण की चेतना का एक अभिनव संगम है। यह अत्यंत हर्ष का विषय हैं की इस सम्मेलन में 125 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इन शोध पत्रों का चयन गुणवत्ता के आधार पर किया गया है। इसमें कुल 200 लोग सहभागिता करेंगे। प्रो. पी.के पुरोहित, समन्वयक आयोजन समिति ने कहा कि 'परंपरा की शिक्षा' और 'शिक्षा की परंपरा' दोनों को साथ लेकर चलना ही भारत की शिक्षा प्रणाली का मूल मंत्र है।

# ब्लॉक कांग्रेस ने संतनगर के एसीपी को ज्ञापन सौंपा



**हिरदाराम नगर.** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस पार्षद अशोक मारण के नेतृत्व में संत हिरदाराम नगर के एसीपी आदित्य राज सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उपनगर एवं खजूरी थाना क्षेत्र में कई होटल एवं ढाबों में देर रात तक ग्राहकों को शराब परोसे जाने की शिकायत की। साथ ही ज्ञापन में असामाजिक तत्वों की ब?ती गतिविधियां पर रोक लगाने की मांग की गई। कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि ग्राम बोरवन, वन ट्री हिल्स ओल्ड डेरी फार्म मैदान, नई सब्जी मंडी के आसपास कंपलेक्स, साधु वासवानी कॉलेज के पास, गुलाब उद्यान एवं नवयुवक सभा स्कूल के पीछे असमाजिक तत्वों की सक्रियता है, जो शराब पीकर हंगामा करते हैं।

**मेट्रो एंकर**

### साधु वासवानी स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह

# विद्या ऐसा धन जिसे कोई नहीं छीन सकता: सिद्ध भाऊजी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। संत सिद्धभाऊजी एवं कर्नल नारायण पारवानी पुरस्कार बांटे। कार्यक्रम में सभा के प्रमुख एवं शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा, प्रतिभा सभी में होती है, बस उसे निखार कर प्रयत्न करने वाले कभी पीछे नहीं देखते हैं। अपने ऊपर विश्वास रखें, आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सिद्धभाऊजी ने कहा कि विद्या वह धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता, परंतु बिना कठिन परिश्रम के विद्या धन अर्जित नहीं किया जा सकता। हर सफल व्यक्ति ने अपना कठिन लक्ष्य कठिन परिश्रम से हासिल किया है। विद्यार्थी जीवन तपस्या का जीवन है और परिश्रम के सिवाय मनुष्य का जीवन पशु समान है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ योगासन, प्राणायाम करने तथा आप लक्ष्य केवल पढ़ाई बनाने को कहा।



**पढ़ाई के साथ खेलें भी:** कर्नल नारायण पारवानी ने कहा कि आज जिन बच्चों को आज पुरस्कार मिल रहा है वह आत्मसंतुष्ट होकर रुक न जाएं और अपनी मेहनत को जारी रखें, क्योंकि आपकी मेहनत ही आपको आपके सपनों तक पहुंचाएगी। आपको किताबी कीड़ा बनकर नहीं रहना है, पढ़ाई के साथ-साथ अपने शरीर का भी ध्यान रखना है। इसके लिए खेलकूद, व्यायाम व सुपाच्य भोजन को अपने रूटीन में अवश्य शामिल करें।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति:** विद्यालय की छात्रा दिया लालवानी व रिद्धि लालवानी और छात्र कृष्णा ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सिद्धभाऊजी द्वारा विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ऑल इज वेल प्रस्तुत किया गया जिसे अतिथियों द्वारा बहुत ही सराहा गया। इस अवसर पर प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल, दीपा आहूजा, रूपाली मेश्राम आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भावना कलवानी द्वारा व्यक्त किया।

# 25वां वन्यप्राणी अभयारण्य डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर

**भोपाल।** प्रदेश का 25वां वन्यप्राणी अभयारण्य डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर बनाया है, जो सागर जिले में है। यह 258.64 वर्ग किलोमीटर का वन क्षेत्र आरक्षित किया है। वन विभाग ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभयारण्य के गठन से वन एवं वन्यप्राणियों का संरक्षण एवं संवर्धन होगा। साथ ही पारिस्थितिकीय तंत्र में खाद्य श्रृंखला सुदृढ़ होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर अभयारण्य सागर जिले के उत्तर सागर वन मण्डल की बंडा तहसील एवं शाहगढ़ वन क्षेत्र के 25864 हेक्टेयर (258.64 वर्ग किलोमीटर) आरक्षित वन क्षेत्र की सीमा होगी।

# उच्च शिक्षा : भोपाल सहित प्रदेश के 32 प्राध्यापक, सह प्राध्यापकों के तबादले

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने भोपाल सहित प्रदेश के करीब 32 प्राध्यापक, सह प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापकों के तबादले किए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव वीरन सिंह भलावी ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश भी जारी कर दिए हैं।जारी आदेश के अनुसार, इनमें भूगोल, हिंदी, गणित, भौतिक शास्त्र, वाणिज्य, रसायन शास्त्र सहित अन्य विषयों के प्राध्यापक, सह प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापक शामिल हैं।


विक्रमोत्सव 2025
विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नव जागरण
और भारत विद्या पर एकाग्र
सांस्कृतिक अभ्युदय से समृद्धि पथ पर
अग्रसर मध्यप्रदेश
जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
विक्रम संवत् के प्रवर्तक
सम्राट विक्रमादित्य
महानाट्य का महामंचन
12,13,14 अप्रैल 2025
प्रतिदिन सायं 6:00 से 9:00 बजे तक
माधव दास पार्क, लाल किला, दिल्ली
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्रीमती रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली
स्वागताध्यक्ष
शुभारंभ
मुख्य अतिथि
जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति, भारत
विशिष्ट अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
गरिमामयी उपस्थिति
गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्रीमती रेखा गुप्ता
मुख्यमंत्री, दिल्ली
विशेष प्रदर्शनी
• आर्ष भारत • विक्रमादित्यकालीन मुद्रा-मुद्रांक
• मध्यप्रदेश में पर्यटन • मध्यप्रदेश का विकास एवं उपलब्धियां
• मध्यप्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट • फूड कोर्ट
संस्कार भारती
महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा
दीनदयाल शोध संस्थान - नई दिल्ली, संस्कार भारती - नई दिल्ली
श्री विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति, उज्जैन के सहयोग से आयोजित
आप सादर आमंत्रित हैं।
अधिक जानकारी के लिए QR स्कैन करें.
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D11005/25
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## संपादकीय

# दो पक्ष एक कानून के बरक्स

गत सप्ताह वक्फ संशोधन विधेयक अब देश में कानून बन गया है लेकिन इसके विरोध में आवाजें उठनी बंद नहीं हुई हैं।यह आवाजें तो कानून बनने के बहुत पहले से उठ रही थीं। लेकिन हाल में पश्चिम बंगाल में आगजनी और विरोध प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस बयान को गंभीरता से लेने की जरूरत महसूस होने लगी है कि वे इस कानून को अपने यहां लागू नहीं करेंगी। उन्होंने इस मुद्दे पर विरोध जता कर एक तरह से राजनीतिक टकराव की बुनियाद रख दी है। वैसे इस तरह से फैसला लेना और सीधे टकराव ममता की राजनीतिक शैली ही है। बहरहाल, वक्फ के खिलाफ जिस तरह से सियासी और सामाजिक टकराव शुरू होता दिखा रहा है, वह लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं है। संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लाने से पहले आम सहमति बनाई जाती, तो यह बहुत बेहतर होता। तब शायद न तो शीर्ष अदालत में याचिकाएं दायर होतीं और न ही कश्मीर से लेकर मणिपुर तक लोग सड़कों पर उतरते। मुर्शिदाबाद जिले से पथराव और आंसू गैस छोड़े जाने की जो तस्वीरें आईं, वे डराती हैं। यह दुखद है कि वक्फ कानून के समर्थन में बोलने वालों को पीटा गया। मणिपुर में एक नेता का घर जला दिया गया। जम्मू-कश्मीर में विरोध उस समय दिखा, जब विधानसभा में भारी हंगामे के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक आमने-सामने आ गए। सदन में विवाद इतना ब?ा कि नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। दरअसल, विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक पर आपत्तियों का समुचित निराकरण नहीं किया गया। हालांकि सरकार ने इसके लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित की थी, पर उसमें भी संतोषजनक बदलाव नहीं किए गए। दोनों सदनों में बहस के दौरान आपत्तियां उठती रहीं। कानून लागू करने से पहले अगर उसके सभी पहलुओं पर विचार कर लिया जाता, तो शायद इतना विवाद न होता। कोई भी कानून पूरे देश और आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाया जाता है, मगर जब उसे सियासी हार-जीत का मुद्दा बना लिया जाता है, तो विवाद उठता ही है। हालांकि संसद के दोनों सदनों में इस बिल के कानून बनने से पहले व्यापक बहस हुई। लोकसभा और राज्यसभा में बारह बारह घंटे तक सांसदों ने इस पर अपने विचार रखे। खास बात यह रही कि कुछ सांसदों ने बहुत अच्छे शब्दों और लहजों में इस बिल पर अपने विरोध को रखा। कुछ सुझाव भी सामने आए। हालांकि बाद में सरकार ने इसे पारित करा लिया और यह पहले से ही तय माना जा रहा था क्योंकि सरकार के पास दोनों सदनों में सुविधाजनक बहुमत है। इसीलिए इस कानून की संवैधानिकता पर सवाल उठाते हुए सर्वोच्च न्यायालय में गुहार भी लगाई गई है। किसी भी मसले पर सियासी मतभेद हो सकते हैं, लेकिन विचारधारा का ऐसा टकराव न हो, जिससे संघीय ढांचे पर चोट पहुंचे। इस समय वक्फ पर मचे घमासान में इस तकाजे का ध्यान रखना सबसे जरूरी है। कुछ ऐसी तस्वीरें भी सामने आई जिनमें वक्फ बिल पेश और पास होने पर संबंधित वर्ग के लोगों ने जश्न भी मनाया,लेकिन एक बडा तबका विरोध में डटा दिखता रहा। अब आने वाले समय में इस लिहाज से बहुत अहम माना जा सकता है क्योंकि कोर्ट में भी याचिकाएं हैं तो जनता के बीच भी बहुत सारी बहसे हैं। इसके कुछ राजनीतिक पक्ष भी हैं और सरकार को समर्थन कर रहे दलों की भूमिकाएं भी गौरतलब हैं।

## हनुमान जयंती पर विशेष

# हनुमान जी थे कुशल प्रबंधक योजनाकार एवं नेतृत्वकर्ता

■ ललित गर्ग

भगवान हनुमानजी इस कलियुग में महान शक्ति हैं, सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले इष्ट हैं, जो अष्ट सिद्धि और नव निधि के देने वाले हैं। इसलिए उनकी विश्वासपूर्वक जो पूजा करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे, जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। वे साहस, भक्ति, और शक्ति के प्रतीक हैं, जो भगवान श्रीराम के परम भक्त और प्रिय हैं।

मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान् आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता प्रदान की है। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमानजी का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान् योगी एवं तपस्वी हैं और इससे भी आगे वे रामभक्त हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की, समर्पण की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है और जीवन-विकास का आयाम है।

प्रभु हनुमानजी की अनेक विशेषताएं एवं विलक्षणताएं हैं, वे अदम्य साहस और शक्ति के प्रतीक हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहते हैं। वे भगवान श्रीराम के प्रति पूरी तरह समर्पित थे और उनके हर कार्य को निष्ठा से पूरा करते थे। हनुमानजी शक्तिशाली होने के बावजूद विनम्र थे और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करते थे। वे ज्ञान और बुद्धि से भरपूर थे और हर कार्य को कुशलता एवं निपुणता से करते थे, चाहे वह समुद्र को पार करना हो या लंका को जलाना। हनुमानजी को चिरंजीवी माना जाता है, यानी वे अमर हैं, वे एक आदर्श ब्रह्मचारी थे। हनुमानजी के चेहरे पर कभी चिंता, निराशा या



शोक नहीं दिखता था, वे हर हाल में मस्त रहते थे। हनुमानजी से मन, कर्म और वाणी पर संतुलन रखना सीखा जा सकता है। वे एक कुशल प्रबंधक थे और उनके जीवन से प्रबंधन के कई गुण सीखे जा सकते हैं। वे कुशल राजनीतिज्ञ भी हैं, जिनसे आदर्श राजनीति के गुण सीखे जा सकते हैं।

रुद्रावतार हनुमानजी कुशल योजनाकार, कुशाग्र और दूरदर्शी थे। बालि से सताए सुग्रीव जंगल में छिपकर जीवन बिता रहे थे, इस बीच जब जंगल में हनुमानजी भगवान श्रीराम और लक्ष्मण से मिले तो उन्होंने भविष्य को भांप लिया और प्रभु श्रीराम एवं सुग्रीव की मित्रता कराई, जिससे दोनों को लाभ हुआ। हनुमानजी जो भी काम करते थे तन्मयता से करते थे। हनुमानजी ने सेना से लेकर समुद्र को पार करने तक जो कार्य कुशलता और बुद्धि परिचय दिया, वह प्रबंधन के गुणों को दर्शाता है। हनुमानजी अच्छे नेतृत्वकर्ता थे, उनकी कम्युनिकेशन स्किल अच्छी थी। उनमें कुशल राजनय के सभी गुण थे। इसलिए जब सीता का पता लगाने के लिए अनजान प्रदेश में किसी को भेजने की बात आई तो बजरंगबली को चुना गया। वहां न सिर्फ उन्होंने माता सीता का पता लगाया, आगे बढ़कर कम्युनिकेशन स्किल और डिप्लोमेसी के बल पर सीताजी को आश्वस्त किया और लंका में श्रीराम की सेना का खौफ भर दिया।

शुद्ध आचार, विचार और व्यवहार से जुड़ी हनुमानजी की ऐसी अनेक चारित्रिक व्याख्याएं हैं जिनमें जीवन और दर्शन का सही दृष्टिकोण सिमटा हुआ है। हनुमानजी विद्वानों में सर्वश्रेष्ठ हैं। वाल्मीकि रामायण में उनको महाबलशाली घोषित करते हुए 'बुद्धिमतां वरिष्ठं' कहना पूर्ण युक्ति संगत है। 'रामचरितमानस' में भी उनके लिए 'अतुलित बलधामं' तथा 'ज्ञानिनामग्रगण्यम' इन दोनों विशेषणों का प्रयोग द्रष्टव्य है। ब्रह्मचारी हनुमानजी महान् संगीतज्ञ और गायक भी थे। इनके मधुर गायन को सुनकर पशु-पक्षी एवं सृष्टि का कण-कण मुग्ध हो जाता था। उनकी विद्वता के साथ-साथ तर्क-शक्ति अत्यंत उच्च कोटि की थी। ऐसे अनेक प्रसंग है जब उन्होंने अपनी तर्क-शक्ति से अनेक जटिल स्थितियों को सहज बना दिया। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी निःशंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन्न कर्तव्य का निश्चय करना उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमानजी नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी।

भारत ही नहीं, विश्व के इतिहास में किसी ऐसे मानव का उल्लेख नहीं मिलता, जिसमें शारीरिक बल भावनात्मकता और मानसिक शक्ति का एक साथ इतना अधिक विकास हुआ हो जितना हनुमानजी में हुआ था। प्राचीन भारत में ब्रह्मतेज से युक्त अनेक महामानव हुए। इसी प्रकार इस पावनभूमि में ऐसे विशिष्ट व्यक्ति भी हुए जो शारीरिक बल में बहुत बलशाली थे, परन्तु ब्रह्मतेज के साथ-साथ शास्त्र-बल का जो आश्चर्यजनक योग हनुमान में प्रकट हुआ, वह अन्यत्र दिखाई नहीं पड़ता। हनुमानजी अदम्य साहसी थे और विपरीत परिस्थितियों से विचलित नहीं होते थे। रावण को सीख देते समय उनकी निर्भीकता, दृढ़ता, स्पष्टता और निश्चिंतता अप्रतिम है। जब समुद्र में रामनाम लिखा पत्थर डालना था तो हनुमानजी भी इस काम में जुट गए और इस समय उनमें उत्साह देखते ही बनता था। इससे पहले लंका में अशोक वाटिका के फल खाते वक्त भी उनकी मस्ती मंत्रमुग्ध करती है।

पंच देवों के तेज पुंज श्री हनुमानजी हैं। माता अन्जनी के गर्भ से प्रकट हनुमानजी में पांच देवताओं का तेज समाहित हैं। अजर, अमर, गुणनिधि, सुत होहु- यह वरदान माता जानकीजी ने हनुमानजी को अशोक वाटिका में दिया था। स्वयं भगवान् श्रीराम ने कहा था कि- 'सुनु कपि तोहि समान उपकारी, नहिं कोउ सुर नर मुनि तनु धारी।' बल और बुद्धि के प्रतीक हनुमानजी श्रीराम और जानकी के अत्यधिक प्रिय हैं। इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। वे ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। वे मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हैं।

त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, लेकिन वे अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यो के बल पर कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये। हनुमानजी पूरे भारतवर्ष में सर्वाधिक पूजे जाते हैं और जन-जन के आराध्य देव हैं। बिना भेदभाव के सभी हनुमान अर्चना के अधिकारी हैं। अतुलनीय बलशाली होने के फलस्वरूप इन्हें बालाजी की संज्ञा दी गई है। हनुमान की भक्ति या उनको पाने के लिये इंसान को इंसान बनना जरूरी है। जब तक भक्ति की धारा बाहर की ओर प्रवाहित रहेगी तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। हनुमान भक्ति के लिये जरूरी है उनके जीवन से दिशाबोध ग्रहण करो और अपने में डूबकर उसे प्राप्त करो। 'जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ'- यही है सच्ची हनुमान भक्ति की भूमिका। भक्ति का असली रूप पहचानना जरूरी है, तभी मंजिल पर पहुंचेंगे, अन्यथा संसार की मरुभूमि में ही भटकते रह जायेंगे।

**(साभार: यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# अंतरिक्ष प्रवास तेज करता है बुढ़ापे की प्रक्रिया

■ मुकुल व्यास

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर विवशतावश नौ महीने बिताने के बाद नासा के अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स सकुशल लौट आए लेकिन धरती पर लौटने पर जब वे अपने क्रू ड्रैगन कैप्सूल से बाहर निकले तो उन्हें व्हीलचेयर पर रखा गया। दोनों अंतरिक्ष यात्री बहुत अच्छी सेहत में नहीं दिखे। आईएसएस पर शून्य-गुरुत्वाकर्षण के वातावरण में रह कर उनकी मांसपेशियां कमजोर हो गईं और उनकी हड्डियों का घनत्व भी कम हो गया जिससे उनके लिए चलना या खड़ा होना भी मुश्किल हो गया। अंतरिक्ष यात्रियों की जोड़ी दुबली-पतली भी दिखाई दी। कुछ पर्यवेक्षकों ने पाया कि पिछले जून में अंतरिक्ष यात्रा पर निकलने के बाद से वे काफी बूढ़े हो गए हैं।वैसे नौ महीने का प्रवास अंतरिक्ष में बिताया गया सबसे लंबा समय नहीं है। यह रिकॉर्ड रूसी अंतरिक्ष यात्री वालेरी पोल्याकोव के नाम है, जिन्होंने 1990 के दशक में मीर अंतरिक्ष स्टेशन पर 14 महीने बिताए थे। फिर भी नौ महीने की अवधि उनके शरीर के लिए अंतरिक्ष के चरम वातावरण के सबसे बुरे प्रभावों का अनुभव करने के लिए पर्याप्त थी। अंतरिक्ष की 286-दिवसीय यात्रा के दौरान दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को किन-किन शारीरिक परिवर्तनों से गुजरना पड़ा होगा, इसका खुलासा उनके स्वास्थ्य की विस्तृत समीक्षा के बाद ही हो पाएगा। अंतरिक्ष में रहना मनुष्य के लिए सहज नहीं है। अध्ययनों से पता चला है कि अंतरिक्ष में लंबा प्रवास बुढ़ापे की प्रक्रिया को तेज करता है। गुरुत्वाकर्षण की कमी से हृदय और रक्त वाहिकाओं को कम काम करना पड़ता है,जिससे उनमें कमजोरी आ जाती है। अंतरिक्ष यात्रियों को सामान्य से ज्यादा तेज गति से हड्डियों के घनत्व में कमी, मांसपेशियों में क्षय और कोशिकीय परिवर्तन का भी अनुभव होता है। हड्डियों का घनत्व हर महीने 1-2 प्रतिशत तक कम हो जाता है, जिससे पृथ्वी पर लौटने पर ऑस्टियोपोरोसिस और फ्रैक्चर का जोखिम बढ़ जाता है। इन स्थितियों से निपटने में अंतरिक्ष यात्रियों की मदद करने के लिए आईएसएस विशेष ट्रेडमिल और व्यायाम बाइक से लैस है। पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बलों की नकल करने



के लिए खास तौर से डिजाइन किए गए रजिस्टेंस बैंड (व्यायाम उपकरण) भी हैं।

ब्रह्मांडीय विकिरण के संपर्क में आने से डीएनए की क्षति के साथ 'ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस' भी हो सकता है, जिससे आणविक स्तर पर समय से पहले बुढ़ापा आ सकता है। ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस दरअसल पोषक तत्वों और अस्थिर अणुओं का असंतुलन है जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा कर रोग उत्पन्न करता है। गुरुत्वाकर्षण की अनुपस्थिति में शारीरिक द्रव भी सिर की ओर शिफ्ट हो जाता है, जिससे दृष्टि संबंधी तंत्रिका में सूजन और रेटिना में सिलवटें आ जाती हैं। आंख का पिछला हिस्सा चपटा हो जाता है और मस्तिष्क में सूजन आ जाती है। इससे स्पेसफ्लाइट-एसोसिएटेड न्यूरो-ऑकुलर सिंड्रोम नामक बीमारी के कारण दृष्टि बाधित हो सकती है। पृथ्वी पर लौटने के बाद मस्तिष्क और आंखों पर दबाव सामान्य स्तर पर वापस आ जाता है, हालांकि इससे होने वाली क्षति कभी-कभी स्थायी हो सकती है। दृष्टि क्षति लंबी अंतरिक्ष यात्रा के सबसे बड़े दुष्प्रभावों में से एक है। सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण और विकिरण भी श्वेत रक्त कोशिका उत्पादन को बदल सकते हैं, जिससे शरीर की वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। हर्पीज और चिकनपॉक्स जैसे निष्क्रिय वायरस, आईएसएस पर प्रवास के दौरान तनाव और इम्यून सिस्टम के दमन के कारण फिर से सक्रिय हो सकते हैं।

आईएसएस पर जाने से पहले अंतरिक्ष यात्रियों को क्वारंटीन अवधि से गुजरना पड़ता है। इसका मतलब है कि अंतरिक्ष स्टेशन पर बहुत कम रोगाणु या वायरस हैं। हाल ही में हुए एक अध्ययन में कहा गया है कि अंतरिक्ष स्टेशन बहुत ज्यादा साफ हो सकता है। इसमें रोगाणुओं की कमी के कारण इम्यूनिटी संबंधी समस्याएं, त्वचा संबंधी विकार और अन्य स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। आईएसएस से लौटने वाले अंतरिक्ष यात्री इस समय 45-दिवसीय रिकंडीशनिंग प्रोग्राम से गुजर रहे हैं जिसमें मांसपेशियों के क्षय को ठीक करने के लिए फिजियोथैरेपी शामिल है।वहीं नासा का कहना है कि अंतरिक्ष यात्रियों के दल पहले भी अंतरिक्ष में लंबे समय तक रह चुके हैं और धरती पर वापसी के बाद सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की परफॉर्मेंस स्थापित मानदंडों के अनुरूप होने की उम्मीद है। पुनर्वास के पहले कुछ दिनों में अंतरिक्ष यात्रियों को चक्कर आएगा क्योंकि उनके शरीर को सीधा रहने के लिए संतुलन बनाए रखने की आदत होगी। कुछ महीनों के भीतर उनकी मांसपेशियों का द्रव्यमान वापस आ जाना चाहिए, जबकि हड्डियों का घनत्व कुछ वर्षों के बाद सामान्य स्तर पर वापस आएगा। उनके शरीर में कुछ परिवर्तनों, जैसे कि दृष्टि दोष, को ठीक करना कठिन हो सकता है।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि अंतरिक्ष यात्रियों पर पड़ने वाले शारीरिक प्रभावों का अध्ययन भविष्य के मानव मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है। ध्यान रहे कि मंगल की एक तरफ़ की यात्रा में लगभग नौ महीने लगते हैं। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर पिछले साल जून में 8 दिन के लिए अंतरिक्ष स्टेशन पर गए थे लेकिन उनको वहां नौ महीने बिताने पड़ गए क्योंकि उनको वापस लाने वाले बोइंग स्टार लाइनर में खराबी आ गई और किसी न किसी वजह उनकी वापसी टलती गई। लंबे समय तक रहने के बावजूद, विल्मोर और विलियम्स आईएसएस पर सक्रिय रहे। उन्होंने माइक्रोग्रैविटी रिसर्च और स्टेशन के रखरखाव में अपना काम जारी रखा।ट्रंप और उनके खासमखास मस्क ने इस मामले को राजनीतिक रंग देने की कोशिश की। उन्होंने बिना किसी सबूत के दावा किया कि विल्मोर और विलियम्स को वापस लाने में देरी राजनीति से प्रेरित थी। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर अंतरिक्ष यात्रियों को अपने हाल पर छोड़ने का आरोप लगाया। इन आरोपों को विशेषज्ञों द्वारा तुरंत खारिज कर दिया गया, जिनमें डेनिश अंतरिक्ष यात्री एंड्रियास मोगेनसेन भी शामिल हैं, जो दो बार आईएसएस के लिए उड़ान भर चुके हैं। मोगेनसेन ने सार्वजनिक रूप से इन दावों की निंदा की और गलत सूचना फैलाने के लिए ट्रंप और मस्क की आलोचना की।

फिर भी अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी में देरी हमारे समक्ष कई खड़े सवाल खड़े करती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश और नासा जैसी साधन संपन्न अंतरिक्ष एजेंसी को दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने में नौ महीने क्यों लग गए? इस प्रसंग से एक और बात साफ हो गई है कि अंतरिक्ष में आपात स्थिति से निपटने के लिए हमारे पास कोई व्यवस्था नहीं है। अंतरिक्ष विज्ञान में निरंतर प्रगति के बावजूद अंतरिक्ष मिशनों में आज भी अनिश्चितता का तत्व बना हुआ है। मनुष्य को मंगल पर ले जाने का सपना दिखाने वाले मस्क की स्पेसएक्स कंपनी के दो बड़े रॉकेटों में हाल में हुए विस्फोट यह दर्शाते हैं कि अंतरिक्ष की राह कितनी कठिन है। अंतरिक्ष मिशनों की सफलता के लिए प्रौद्योगिकी भी त्रुटिरहित होनी चाहिए।

**(साभार: लेखक विज्ञान मामलों के जानकार हैं।)**

**सत्य बात सुनने में बहुत कठोर होती है।**

**- कुशवाहा कान्त**

## आज का इतिहास

- 1945- अमेरिका का ओकीनावा पर आक्रमण, अमेरिकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत।
- 1991- खाड़ी युद्ध औपचारिक रूप से समाप्त।
- 1998- गिरिजा प्रसाद कोइराला नेपाल के नये प्रधानमंत्री नियुक्त।
- 2006- साइप्रस के राष्ट्रपति तासोस पापादोलस 6 दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे।
- 2007- पाकिस्तान ने ईरान गैस पाइपलाइन पर भारत को मंजूरी दी। एयरलाइन्स जेट ने एयर सहारा को ख़रीदा।
- 2008- भारतीय मूल के ब्रिटिश उद्योगपति और सांसद लॉर्ड स्वराजपाल के स्वामित्व वाले केपेरो समूह ने पश्चिम बंगाल के सिंगूर में मोटर वाहन के पुर्जे बनाने की तीन इकाइयों को लगाने का फ़ैसला किया। अफ़ग़ानिस्तान में भारतीयों के एक काफ़िले पर हुए आत्मघाती हमले में दो भारतीय इंजीनियरों सहित तीन लोगों की मौत।
- 2010-लुधियाना,पंजाब (भारत) के गुरु नानक देव स्टेडियम में भारतीय कबड्डी टीम ने पाकिस्तान की टीम को 58-24 से पराजित कर प्रथम विश्व कप कबड्डी प्रतियोगिता जीत ली।
- 2014- मशहूर गीतकार गुलज़ार को वर्ष 2013 के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार दिया गया।
- 1885- राखालदास बंद्योपाध्याय- प्रसिद्ध भारतीय इतिहासकार तथा पुरातत्ववेत्ता का जन्म।
- 1910- केदार शर्मा- भारतीय फ़िल्म निर्देशक, निर्माता, पटकथा लेखक और हिंदी फ़िल्मों के गीतकार का जन्म।
- 1921- सुन्दर सिंह भण्डारी- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ थे का जन्म।

## निशाना

### है हमने ये ठाना !



-कृष्णेन्द्र राय

हर बात पर राजनीति ।
होकर रहने वाली ।।
चलता तेज़ दिमाग है ।
नहीं है रखना खाली ।।
काम पड़ा है ज्यादा ।
ना करना आराम ।
घटनाएं कुछ हो रहीं ।
ज्यादा अब तमाम ।।
हर पल अब कुछ नया ।
लेकर के ही आना ।।
पेश है करना वह कुछ ।
चाहे जो ज़माना ।।
होंगे कामयाब हम ।
है हमने ये ठाना ।।
लेकिन होगा बंद ना ।
रहेगा बजता गाना ।।

### संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास द्वारा किया गया आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण

# पोषण पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों का किया अवलोकन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम एच0के0शर्मा, द्वारा शुक्रवार 11 अप्रैल को जिला नर्मदापुरम अंतर्गत् महिला एवं बाल विकास परियोजना-नर्मदापुरम शहरी अंतर्गत संचालित आंगनबाडी केन्द्र क्रमशः वार्ड कं-19 केन्द्र कं0 1 तथा वार्ड कं0-12 केन्द्र कं0-2 का औचक भ्रमण किया गया। साथ ही संयुक्त संचालक द्वारा आंगनबाडी केन्द्र वार्ड कं0-25 केन्द्र कं0-03 में उपस्थित होकर पोषण पखवाड़े के तहत आयोजित हो रही गतिविधि का अवलोकन किया गया।



संयुक्त संचालक द्वारा पोषण पखवाड़ा अंतर्गत् आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड कं0-25 केन्द्र कं0-3 में उपस्थित महिलाओं, आंगनबाडी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक आदि को व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिये पोषण अभियान के कियान्वयन से अवगत कराया गया। बच्चे के जीवन के प्रथम 1000 दिवस के महत्व, पोषण ट्रेकर में लाभार्थी मॉड्यूल का व्यापक प्रचार-प्रसार, CMAM (समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन) मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन, बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिये स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने पर बल आदि विषयों पर चर्चा की गई। आंगनबाड़ी केन्द्र पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा व्ही0एच0एस0एन0डी0 का आयोजन किया जाकर महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच की जा रही थी।

संयुक्त संचालक द्वारा आंगनबाडी केन्द्र के निरीक्षण में प्रतिमाह आयोजित होने वाले वजन अभियान अंतर्गत् बच्चों का सही-सही शरीरिक माप लेने तथा शुद्ध व सटीक ऑकड़े पोषण ट्रेकर एप में दर्ज करने हेतु निर्देश दिये गये। कुपोषित बच्चों पर विशेष निगरानी रखने, आवश्यक उपचार कराने, स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर आवश्यक 5 प्रकार की दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा स्रूबच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करने हेतु निर्देश दिये गये। बच्चों माता-पिता को बच्चे के वजन की प्रगति से निरंतर अवगत कराते रहें एवं खाने में पौष्टिकता बनाये रखने हेतु क्या-क्या खाना है, उनको बताते रहें।

आंगनबाडी कार्यकर्ता की संपर्क एप में प्रतिदिन उपस्थिति तथा प्रतिदिन आंगनबाडी केन्द्र खुलने की पोषण ट्रेकर एप में प्रविष्टि सुनिश्चित की जावे। आंगनबाडी केन्द्र की सर्वेक्षित जनसंख्या अनुसार वर्ष 2024 की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर निर्धारित अनुपात में गर्भवती माता, धात्री माता, 6 माह से 3 वर्ष के बच्चे तथा 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों का पंजीयन पोषण ट्रेकर एप शतप्रतिशत प्रविष्ट किया जावे। कोई भी हितग्राही पंजीयन से छूटना नहीं चाहिये। पंजीकृत हितग्राहियों का आधार सत्यापन भी पोषण ट्रेकर एप में अनिवार्यतः नियमित रूप से किया जावे। पोषण ट्रेकर में दर्ज समस्त आधार सत्यापित हितग्राहियों का शतप्रतिशत FRS एवं EKYC का दिनांक 31.03.2025 के पूर्व किया जाना सुनिश्चित करें। आंगनबाडी केन्द्र निर्धारित समय पर खोलें, नियमित रूप से साफ-सफाई रखी जावे तथा हितग्राहियों को निर्धारित मीनू अनुसार टी0एच0आर एवं गर्म ताजा पका नाश्ता/भोजन प्रदाय किया जावे। आंगनबाडी केन्द्र में बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जावे। पोषण ट्रेकर एप में प्रतिदिन एन्ट्री की जाये। क्षेत्र का गहन सर्वे कर विभागीय योजनाओं के लाभ से सभी हितग्राहियों को जोड़े एवं लाभांवित करायें। कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे, ऐसा सुनिश्चित करें। लाडली लक्ष्मी योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना का लाभ लेने हेतु आवश्यक दस्तावेजों यथा समग्र आईडी, आधार, डीबीटी, बैंक से लिंकेज आदि के संदर्भ में हितग्राहियों को मार्गदर्शन एवं सहयोग करते रहें। संपर्क एप एवं पोषण ट्रेकर एप की डाटा प्रविष्टि पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# 30 अप्रैल तक NFSA के पात्र हितग्राहियों की शत-प्रतिशत eKYC सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



भारत शासन एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा खाद्य अधिनियम के तहत पात्रता पर्ची धारकों का ई केवाईसी किया जाकर दोहरी, अपात्र, साइलेंट राशन कार्डों का पोर्टल से विलोपन किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की अंतर्गत 8 लाख 32 हजार 718 हितग्राहियों में से कुल 6 लाख 73 हजार 894 पात्र हितग्राहियों की ई केवाईसी की जा चुकी है।

उक्ताशय के संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने अनुविभाग अंतर्गत 30 अप्रैल 2025 तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के अंतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत eKYC पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस दिशा में जिले में विशेष अभियान चलाया जाए, जिसका संचालन 30 अप्रैल 2025 तक सतत रूप से किया जाकर शेष बचे हुए हितग्राहियों का ई केवाईसी किया जाए।

कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार उक्त अभियान के अंतर्गत पात्रता पर्ची धारक समस्त हितग्राहियों की पहचान कर उनका समय-सीमा में eKYC किया जाना आवश्यक है। ई केवाईसी के लिए शेष हितग्राहियों की सूची पीओएस मशीन, स्थानीय निकाय एवं JSO लॉगिन पर उपलब्ध है, जिसके माध्यम से हितग्राहियों को चिन्हित कर eKYC की प्रक्रिया पूर्ण की जाए।

जारी निर्देशों के अनुसार, अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु उचित मूल्य दुकान विक्रेता, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं वार्ड प्रभारी का संयुक्त दल गठित किया जाए। यह दल ग्रामवार एवं मोहल्लावार केम्प आयोजित कर शेष हितग्राहियों का eKYC सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक केम्प की तिथि एवं स्थल की पूर्व सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए ताकि अधिकतम हितग्राही इसका लाभ ले सकें।

eKYC के दौरान यदि किसी परिवार के सदस्य की मृत्यु हो चुकी हो, वह स्थायी रूप से प्रवास पर गया हो (जैसे विवाह आदि कारणों से) या उसका नाम डुप्लीकेट पाया गया हो, तो ऐसी प्रविष्टियों का विलोपन एम राशन मित्र पोर्टल पर स्थानीय निकाय के लॉगिन के माध्यम से अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

# कृषि उपज मंडी में व्यवस्थाएं सुधारने सामंजस्य बैठक, अधिकारियों व संघ अध्यक्षों के साथ हुई चर्चा

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण के आदेश अनुसार शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में एसडीएम विजय राय की अध्यक्षता में एसडीओपी मनोज मिश्रा द्वारा मंडी के प्रमुख संगठन भारतीय किसान संघ, हम्माल यूनियन अध्यक्ष ,व्यापार संघ अध्यक्ष ,मंडी सचिव एवं गार्ड इंस्पेक्टर ,मजदूर संघ एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी, शहर थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र परमार, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक हरिकिशन लोहिया, ट्रैफिक प्रभारी निरपत लोधी आदि सदस्यों की उपस्थिति में एक सामंजस्य बैठक किसानों के मध्य व्यापारियों के मध्य एवं मजदूर संघ हम्माल के मध्य स्थापित करने हेतु आयोजित की गई। जिसमें किसानों की समस्या जैसे पानी ट्रैफिक ट्रालियों को व्यवस्थित रूप से लगवाना नीलामी के वक्त गार्ड सुरक्षा एवं परिसर सुरक्षा एवं मंडी के आसपास बाहर व्यवस्था संबंधी रोड पर सुरक्षा व्यवस्था एवं उपद्रव फैलाने वाले व्यक्तियों की पहचान करने के संबंध में चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त किसानों को मंडी की छुट्टियों के संबंध में सूचना तत्काल पहुंचाने हेतु एसडीएम,एसडीओपी द्वारा मंडी सचिव को उचित कदम उठाने हेतु समझाएइश दी गई। वहीं सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से चालू रखने हेतु मंडी अधिकारीयों को अवगत कराया गया। किसान संघ अध्यक्ष के माध्यम से किसानों की समस्याएं भी पूछी जिनके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।



# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम.जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिला नर्मदापुरम के विकासखंड सिवनी मालवा के सेक्टर क्रमांक 3 धरम कुंडी के ग्राम पंचायत हिरण खेड़ा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल बचाव शपथ एवं जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक पवन सहगल एवं विकासखंड समन्वयक हरिदास दायमा के मार्गदर्शन में जल संवर्धन जल संरक्षण जल बचाओ एवं जल स्रोतों के जीर्णोद्धार हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया।



कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि आशुतोष लिटोरिया, ग्राम पंचायत सचिव हितेश मनवारे परामर्शदाता नर्मदा प्रसाद यदुवंशी एवं रघुवीर मालवीय द्वारा जल संवर्धन जल संरक्षण एवं जल बचाओ पर जानकारी दी गई। एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं रितु लोवंशी, संजय कटारे, कामिनी गौर, कुसमी लोवंशी, प्रकाश मालवीय, ग्रामीण जन शेख, जमीर, अंकित गौर, संजय गौर आदि ने पूर्ण सहयोग किया।

इस अवसर पर तालाब के गहरीकरण के लिए भी कार्य योजना बनाई गई, दीवार लेखन कार्यक्रम भी किया गया। उपस्थित सभी ग्रामीणों ने मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण जल संवर्धन हेतु संकल्प लिया एवं जल बचाओ की शपथ ग्रहण कराई गई।

### गऊघाट के कुंड की साफ सफाई की गई.

नर्मदापुरम. मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद माखन नगर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत बागलखेड़ी के निकट स्थित गऊघाट के कुंड की साफ सफाई की गई एवं जल संरक्षण एवं संवर्धन पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें वहां उपस्थित बुजुर्गों द्वारा गऊघाट कुंड के नर्मदा पुराणों में उल्लेख के विषय में चर्चा की गई। अंत विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख द्वारा इस पुरातन धरोहर का संरक्षण, संवर्धन एवं कुंड के जीर्णोद्धार हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था से हरीश नामदेव, सीएमसी एलडीपी छात्र संजू अहिरवार, सुरेंद्र यादव, पुष्पेंद्र यादव, सरपंच रामभरोस यादव, रघुनंदन शर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 17 को होने वाली स्थायी बस परमिट की लिखित आपत्ति शून्य घोषित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

17 अप्रैल को स्थायी बस परमिट के लिए बस ऑपरेटरो से लिखित में आपत्ति कमिशनर कार्यालय में आमंत्रित की गई थी जो अब शून्य (निरस्त) घोषित की गई है। उल्लेखनीय है की क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार एवं संभाग आयुक्त नर्मदापुरम के समक्ष दिनांक 24 मार्च 2025 को जारी एजेंडा अनुसार स्थायी बस परमिट के कुल 165 आवेदन पत्रों पर दावा एवं लिखित आपत्ति हेतु 17 अप्रैल की तिथि नियत की गई थी। 17 अप्रैल 2025 को दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक लिखित में आपत्ति आमंत्रित की जानी थी, लेकिन अब वह लिखित आपत्ति शून्य (निरस्त )घोषित की गई है।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार एवं संभाग आयुक्त नर्मदापुरम संभाग द्वारा जारी एजेंडा अनुसार आवेदकों के आवेदन पत्रों का ऑनलाइन पोर्टल पर परीक्षण किए जाने पर निर्धारित पोर्टल में 15 मई 2023 से एजेंडा जारी एवं 24 मार्च 2025 तक फ्रेश परमिट पर्पज अंतर्गत कुल ऑनलाइन आवेदन पत्र की संख्या एवं जारी एजेंडा में शामिल आवेदन पत्रों की संख्या में भिन्नता होने के कारण जारी एजेंडा प्रथम दृष्टि अपारदर्शी एवं दूषित प्रदर्शित होने से 17 अप्रैल को ली जाने वाली लिखित आपत्ति शून्य (निरस्त) घोषित की गई है, साथ ही सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार को निर्देशित किया गया है कि सभी संबंधित को अवगत कराते हुए समस्त लंबित आवेदनों का विधिवत गंभीरता पूर्वक परीक्षण कर यथाशीघ्र निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण नवीन एजेंडा प्रारूप 22 अप्रैल 2025 तक क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार नर्मदापुरम संभाग के समक्ष प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

### भगवान परशुराम जयंती पर भंडारे का आयोजन



**नर्मदापुरम।** भगवान विष्णु के छटवें अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव समिति राजा मोहल्ला के सौरभ तिवारी ने बताया कि 30 अप्रैल को राजा मोहल्ले में रात्रि 8 से रात्रि 10 बजे तक भंडारा होगा।

# विश्व होम्योपैथी दिवस पर औषधालयों में मेगा शिविरों का आयोजन किया गया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिला आयुष अधिकारी डॉ विमला गढ़वाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनांतर्गत लोक स्वास्थ्य सेवा प्रदाय संबंधी क्रियाकलाप के तहत विश्व होम्योपैथिक दिवस (270वें) हैनीमैन जयंती के अवसर पर गत दिवस 10 अप्रैल 2025 को जिले के सभी होम्योपैथिक औषधालयो में निःशुल्क होम्योपैथिक मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्तर पर दशहरा मैदान बालागंज नर्मदापुरम में होम्योपैथी मेगा शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद श्री पूनम मेस्कर प्रसाद एवं डॉ.एस.आर. करोजिया, शिविर के नोडल अधिकारी डॉ अक्षय जैन, डॉ अशोक पुष्कर डॉ.संदीप रघुवंशी,डॉ चंदन चावडा तथा समस्त पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे। जिले के सभी होम्योपैथिक औषधालय द्वारा मेगा शिविर में कुल 1651 रोगी लाभान्वित हुए।

**मेट्रो एंकर**

### दोनी ग्राम के पुरातन हनुमान जी के मंदिर में हनुमान जयंती पर हजारों की संख्या में पहुंचेगे श्रद्धालु



# शोभायात्रा के पश्चात महाआरती के साथ होगा विशाल भंडारा

**विशाल रजक तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

जनपद पंचायत के अंतर्गत नगर से लगभग 25 किलोमीटर दूर वनांचल मैं श्रीराम भक्त हनुमान जी की प्राचीन सिद्ध मूर्ति दौनी ग्राम मै विराजमान है जहां पर प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को धर्म प्रेमी बंधु पहुंचते हैं लेकिन शनिवार 12 अप्रैल को हनुमान जयंती पर हजारों लोग इस सिद्ध स्थान पर पहुचेगे।

यह प्राचीन स्थान है जहाँ पर वन्य प्राणी भी विचरण करते हैं 2 वर्ष पहले सिद्ध स्थान के ठीक सामने रामनवमी को भगवान श्रीराम, माताजानकी, लक्ष्मण, हनुमान की मूर्ति की स्थापना भव्य मंदिर मैं की गई है। राम भक्त हनुमान जी के दर्षन कर हर भक्त अपनी मनो कामना पूर्ण करता है। ग्राम पंचायत पाठादो के ग्राम दोनों में स्थित प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थित है यहां पर विराजमान हनुमान जी की प्रतिमा बड़ी चमत्कारिक सिद्ध प्रतिमा है जिनके दर्शनों के लिए दमोह, तेंदूखेड़ा, रहली, देवरी, महाराजपुर नरसिंहपुर ,जबलपुर ,पाटन ,सिग्रामपुर जबेरा ,कटंगी सहित भारी संख्या में भक्त प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पहुचंते है।

यहा कि बावडी में 12 मास रहता पानी और जिसका जल कभी खाली नहीं होता है और 16 साल से इस स्थान पर रहकर सेवा करने वाले सेवादार मोहन एवं कोमल प्रसाद गोटिया का कहना है कि हनुमान जी के पास जो अति प्राचीन बावड़ी है इसमें सभी तीर्थ क्षेत्रों का जल समाहित है साथ ही इस क्षेत्र के लिए भीषण गर्मी के दिनों में यह बावडी प्राणदायिनी बनी रहती है। इसके अलावा पवनसुत के पैरों के छोर तक नहीं कोई नहीं पहुंचा है। बताते हैं कि सिद्ध हनुमान मठ में हनुमान जी की प्रतिमा के पैर को सैकड़ो फुट तक खोदे जाने के बाद भी उनके पैरों के छोर तक नहीं पहुंचा जा सका। इस प्रतिमा को भी खण्डित करने का प्रयास किया था लेकिन प्रयास विफल रहा इस सिंद्ध प्रतिमा की प्राचीनता का कोई स्पष्ट अनुमान नहीं है अनंतकाल से ही श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। यहा पर अखंड ज्योति लगभग 18 वर्ष से प्रज्वलित है। कमल नारायण यादव ने बताया कि इस मंदिर में पहुंचने पर मन को अटूट शांति प्राप्त होती है। हनुमान जी की मूर्ति मंदिर के अंदर महुआ के पेड़ के नीचे विराजमान है जब तक मंदिर का निर्माण नहीं हुआ था तब तक यह मूर्ति खुले में महुआ के पेड़ के नीचे विराजमान थी अब उसी जगह पर मंदिर बना दिया है। महुआ के पेड़ को भी हटाया नहीं गया है और गुंबद से एक आकार देकर उस पेड़ को ऊपर निकाला गया है। यहां पर पुरातत्व मूर्तियां कलचुरी कालीन पाषाण प्रतिमाएं हैं, कुछ मूर्तियां रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर, दमयंती संग्रहालय दमोह व प्राचीन मूर्तियां रानी दुर्गावती प्रतिमा सिंग्रामपुर के पास भी संग्रहित की गई हैं इसके अलावा बहुत सी मूर्तियां अभी भी हनुमान मठ के समीप स्थापित है।

दौनी में स्थित हनुमान स्थल के आसपास पंचायत द्वारा सामुदायिक भवन व चारों ओर वाऊंड्रीवाल बनवाकर सुरक्षित किया गया है। लगभग 4 एकड़ यह स्थान फैला हुआ है। दौनी में हनुमान जयंती की तैयारी जोरों से चल रही हैं 12 अप्रैल को सैलवाड़ा से दौनी तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी तदुपरांत विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# महामाई परिसर में आयोजित मेले में फैले कचरे को स्वच्छता मित्रों ने किया चकाचक

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

विगत पंद्रह दिनों से ग्राम वीरपुर में आयोजित हो रहे पंद्रह दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले के विगत तीन दिन पूर्व समापन होने के बाद अगले तीन दिनों में नगर पालिका परिषद के स्वच्छता मित्रो ने संपूर्ण परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर मात्र तीन दिनों में संपूर्ण परिसर को चकाचक कर दिया है।

जानकारी देते हुए नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि महामाई का मेला क्षेत्र में ही नहीं अपितु जिले के बड़े प्रशासनिक व्यवस्था के मेले के रूप में भी स्थापित है। पंद्रह दिनों तक इस मेले में धार्मिक पूजन पाठ हवन के साथ प्रतिदिन के सांस्कृतिक आयोजन भी सम्पन्न होते हैं तथा दूर दर्ज से पहुंचे श्रद्धालु नागरिकों के मनोरंजन के लिए मेले का भी आयोजन होता है। ऐसे में यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में महिला पुरुषों की भीड़ प्रतिदिन पहुंचती है। जिला प्रशासन के निर्देश पर हमने इस बार मेले को गंदगी से मुक्त रखने के लिए यहां बने पक्के शौचालयों के साथ एक दर्जन चलित शौचालय भी संपूर्ण मेला परिसर में रखवाए थे इसके अलावा महाकुंभ की तर्ज पर अनेक स्थानों पर अस्थाई शौचालयों का भी निर्माण करवाया था। तथा नागरिकों को उचित दिशा निर्देश देने एवं परिसर की स्वच्छता के लिए प्रहरियों की तैनाती की थी। जिससे इस बार परिसर में गंदगी का अभाव दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि हालांकि इस बार मेले को पॉलीथिन मुक्त रखने की अपील मेला समिति के माध्यम से दुकानदारों तथा आम नागरिकों से की गई थी किंतु फिर भी पॉलीथिन का उपयोग होने से परिसर में यहां वहां बिखरी तथा केथन डेम के किनारे पेड़ पौधों में उलझी पन्नियों को एकत्रित करने के लिए मेला समाप्ति के पश्चात विधायक जी के निर्देश पर हमने एसआई धीरज मैना के नेतृत्व में अभियान चलाकर पन्नी तथा फैले कचरे की सफाई अभियान चलाया ओर बीस कर्मचारियों के सहयोग मात्र तीन दिन में संपूर्ण परिसर को स्वच्छ बनाया है। सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि मेले के दौरान भी प्रतिदिन लगभग दस स्वच्छता मित्रो का एक दल परिसर को साफ कर स्वच्छ बनाने के लिए यहां तैनात रहता था। ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेले के दौरान परिसर की संपूर्ण स्वच्छता के लिए महामाई सेवा समिति ने भी नपा प्रशासन और स्वच्छता मित्रो का आभार व्यक्त किया है।



### पार्षद प्रतिनिधि ने ज्ञापन सौंपकर वसूली राशि कम कर राहत देने की मांग की

# नल कनेक्शन घरेलू, लेकिन चार्ज ले रहे व्यवसायिक का !

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

भाजपा पार्षद रीना सचिन शर्मा ने जनहित में नपा द्वारा विगत दिनों बढ़ाए गए जलकर की राशि में ऐसे जलकर उपभोक्ता जो नपा द्वारा प्रदाय किए जाने वाले पानी का उपयोग तो घरेलू रूप से करते हैं लेकिन वह नपा को व्यावसायिक नल कनेक्शन के तौर पर प्रतिमाह वसूल किए जाने वाला भुगतान कर रहे हैं के हित में नपा के रिकॉर्ड को दुरुस्त कर ऐसे उपभोक्ताओं से भी घरेलू जलकर वसूल किए जाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने व्यावसायिक तौर पर जल उपभोग करने वालों से वसूल की जाने वाली बढ़ी हुई राशि को उचित बताया है।

शुक्रवार को नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने नगर के नागरिकों से प्राप्त शिकायत के आधार पर हवाला देते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद द्वारा विगत दिनों हुई बजट बैठक में घरेलू एवं व्यावसायिक जलकर की वृद्धि करते हुए जलकर के रूप में वसूल जाने वाली राशि में बढ़ोतरी की है। नपा ने घरेलू नल कनेक्शनों पर अभी तक लिया जाने वाला शुल्क पचहत्तर रु के स्थान पर सौ रुपए कर दिया है तथा व्यावसायिक रूप से उपयोग होने वाले जलकर का



शुल्क सौ रुपए के स्थान पर दो सौ रुपए कर दिया है। ऐसे में अभी तक जलकर की राशि में ज्यादा अंतर नहीं होने से नागरिकों को राशि का अंतर समझ ही नहीं आता था। लेकिन जब कुछ घरेलू उपभोक्ता अपनी जलाकर की राशि जमा करने नपा परिसर पहुंचे तो उन्हें सौ रुपए के स्थान पर दो सौ रुपए प्रतिमाह के मान से राशि जमा करने का कहा गया है। सचिन शर्मा का कहना है कि पूर्व में जिस किसी कारण से भी त्रुटि वश ऐसे नल कनेक्शन जिनका उपयोग तो घरेलू तौर पर होता है लेकिन रिकॉर्ड में व्यावसायिक तौर पर दर्ज है ऐसे हितग्राहियों के प्राप्त आवेदन के आधार पर मौके पर स्थल निरीक्षण करवा कर एवं आवश्यक दस्तावेज जमा करवा कर राहत दिया जाना मानवीय दृष्टिकोण से जनहित में उचित होगा। उन्होंने नागरिकों की इस पीड़ा से विधायक उमाकांत शर्मा को भी अवगत कराया है। विधायक शर्मा ने भी सीएमओ को परीक्षण उपरांत नियमानुसार कार्यवाही कर सुधार के निर्देश प्रदान किए हैं।

**इनका कहना है**

जिन व्यक्तियों के कमर्शियल कनेक्शन थे लेकिन अब उनका उपयोग कमर्शियल नहीं है अब वह आवेदन देकर अपने कनेक्शनों को घरेलू करा सकते हैं।

-रामप्रकाश साहू, मुख्य नपाधिकारी

### जी का जंजाल बना पालीवाल कॉलोनी का नाला - अपने ही घरों में जाने से तरस रहे हैं रहवासी

**सिरोंज।** पालीवाल कॉलोनी का निर्माणाधीन नाला निर्माण एजेंसी की लापरवाही से दुर्घटनाओं की आशंकाओं को जन्म दे रहा है। नाले के निर्माण के हालत यह है कि आमजन तथा रहवासियों की सुविधा के लिए स्थानीय पार्षद के प्रयासों से नगर पालिका द्वारा जिस निर्माणाधीन नाले का निर्माण कराया जा रहा है उसे ठेकेदार द्वारा लापरवाही से इस हालात में छोड़ा गया छोड़ा है कि अपने परिवारों से निकलने में भी बुजुर्गो को अब गिरने का डर सताने लगा है। हालत यह हे कि रहवासी नाले के आसपास के हिस्से की फिलिंग करवाने को भी तरस रहे हैं। पालीवाल कॉलोनी के मुख्य मार्ग तथा इससे सत्कार बने नाले के बीच में पूरे सड़क किनारे गहरे गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में कभी भी बड़ी घटना होने की आशंका बनी हुई है। हालत यह हे कि रहवासियों ने बल्लियों पर लोहे की प्लेट लगाकर अपने घरों में जाना पड़ रहा है। इसी मार्ग पर पालीवाल स्कूल में आने वाले छोटे छोटे बच्चों को नाला फलांग कर जान हथेली पर रखकर स्कूल में जाने को मजबूर है। हालांकि विगत दिनों स्थानीय पार्षद ने भी नाले के घटिया निर्माण की जांच करवाने,किए गए निर्माण कार्य की गुणवत्तानुसार भुगतान करने अथवा रोकने एवं ठेकेदार के लापरवाहीपूर्ण रवैए को लेकर ब्लैकलिस्टेड करवाने एवं आवश्यक कार्यवाही करने के लिए लिखित में शिकायत भी दर्ज कराई है।



# ग्राम नन्ही देवरी में एक किमी लम्बी पाइपलाइन बिछाकर ग्रामवासियों को मोटर पम्प से दिया जाएगा पानी



सिरोंज, दोपहर मेट्रो

विशाल रजक तेंदूखेड़ा !- जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खमरिया कला में शामिल आदिवासी टोला नन्ही देवरी के ग्रामवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणो ने परेशान होकर एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्या का हल नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। साथ ही सम्पूर्ण मामला हमारे संवाददाता ने दिनॉक 9 अप्रैल को बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे नन्ही देवरी के शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी। जिसे संज्ञान में लेकर प्रशासन के अधिकारी जिनमें एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार, विवेक व्यास, जनपद सीईओ मनीष बागरी के अलावा पीएचई एसडीओ अशोक मुकातिया एवं जल निगम के जनरल मैनेजर गौरव सराब अपनी टीम के साथ शुक्रवार को नन्ही देवरी ग्राम पहुंचे जहां पर ग्राम के लोगो के साथ पीने के पानी की समस्या को लेकर चर्चा की गई। सम्पूर्ण ग्राम ड्राई क्षेत्र होने के कारण पीएचई विभाग एवं जल निगम के जनरल मैनेजर ने पानी की व्यवस्था करने के लिए अपने हाथ खड़े कर दिए। साथ ही कहा कि यहां पर पानी की व्यवस्था करना संभव नहीं है जिसके बाद जनपद सीईओ मनीष बागरी ने

**ग्रामवासियों ने सौंपा था ज्ञापन अधिकारियों ने ग्राम पहुंचकर लोगो से की चर्चा**

लगभग एक किलोमीटर दूर दूसरे ग्राम देवरी निजाम से पाइपलाइन बिछाकर नन्ही देवरी ग्राम के लोगो को पानी दिए जाने के लिए सुझाव रखा गया।

ज्ञात हो कि ग्राम नन्ही देवरी के लोग पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे है। ग्राम के सभी हैंडपंप सिर्फ हवा दे रहे है। वर्तमान में लगभग दो किलोमीटर दूर एक कुआ से पानी लाकर अपने प्यास बुझाते है। जिसका पानी भी समाप्त होने बाला है। जनपद सीईओ मनीष बागरी ने कहा कि नन्ही देवरी ग्राम तक पंचायत के माध्यम से देवरी निजाम से पाइपलाइन बिछाकर पानी लाया जाएगां। जिस में लगभग तीन से चार दिन लगेगें। इसके बाद ही पानी की समस्या का निराकरण होगा।

नन्ही देवरी सम्पूर्ण ग्राम ड्राई क्षेत्र है। वहा पर पानी का कोई भी श्रोत नहीं है। जिस कारण पाइपलाइन बिछाकर पानी की व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिए ग्रामवासी भी पाईप लाईन बिछाने के लिए जमीन की खुदाई करने के लिए भी सहयोग करने के लिए कह रहे है

# संचालित 27 अनधिकृत कॉलोनी संचालकों पर कार्रवाई करने थाना प्रभारी को लिखा पत्र

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

सिरोंज नगर पालिका द्वारा प्रेस नोट जारी करके अवगत कराया है कि नगर सिरोंज में अनाधिकृत कॉलोनीयों के भूस्वामियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 ग कहत कार्रवाई किए जाने हेतु थाना प्रभारी को एक पत्र जारी किया गया है जिसमें नगर सिरोंज में संचालित 27 अनाधिकृत कॉलोनियों में नागरिक अधोसंरचना प्रदान करने हेतु चिन्हित कर मध्य प्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के नियम 23 ( 3 ) के कहत प्रथम सूचना प्रशासन पत्र में नामांकित थे। उक्त प्रारंभिक सूचना में अंकित सभी भू स्वामियों द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम



1961 की धारा 339 ग की उपधारा एक के तहत अनधिकृत कालोनी विकसित करने का अपराध कारित किया गया है। जो अधिनियम की धारा 339 ग की उपधारा चार के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इसी क्रम में नगर पालिका अपने पत्र दिनांक 9/4/2025 द्वारा उक्त कॉलोनी भू-स्वामीयों के संबंध में दंडात्मक कार्रवाई करने हेतु पत्र जारी किया गया है। सहयोगी आशु खान के साथ सईद खान की रिपोर्ट

# सामुदायिक भवन बनने से निश्चित रूप से गांव के लोगों को लाभ मिलेगा- मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी

**ग्राम समनापुर एवं पिड़रई में 25-25 लाख से बनेंगे सामुदायिक भवन, राज्यमंत्री लोधी ने किया भूमिपूजन**

तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम समनापुर एवं पिड़रई में 25-25 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने किया साथ ही कहां कि पहले समुदायिक भवन 5 लाख 10 लाख के बनते थे, लेकिन अब छोटा



समुदायिक भवन नहीं बनाएंगे, 25 लाख का बड़ा समुदायिक भवन बनाएंगे और उसमें इतना बड़ा एक हाल रहेगा, जिसमें ढाई से 300 लोग बैठ पाएंगे। दो तीन कमरे भी रहेंगे, लेट, बाथरूम अटैच रहेगा और उसमें किचन भी रहेगा, यह सामुदायिक भवन का लाभ गांव के सारे लोग ले पाएंगे। दो 3 दिन के अंदर काम शुरू होगा। सामुदायिक भवन बनने से निश्चित रूप से गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। राज्यमंत्री जैसे हर गांव में पीने का पानी आ रहा है, वैसे ही किसान की सिंचाई के लिए किसान के खेत में पाइप लाइन के द्वारा पानी पहुंचेगा। जब किसान समृद्ध होंगे, कई फसलें लेंगे तो निश्चित रूप से प्रदेश में समृद्धि बढ़ेगी। किसानों को 3 से 4 फसलों का पानी मिलेगा। केन-बेतवा नदी को व्यारमा नदी से जोड़ा जा रहा है। घटेरा के आगे एक बड़ा बांध बनेगा जिससे किसान के लिये सिंचाई के लिये पानी पहुचाया जायेगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री जी कहते हैं किसान भाई अपनी जमीन नहीं बेचें आने वाला समय किसानों का है। उन्होंने कहा बांध बनने से कोई गांव नहीं डूबेगा। कुछ लोग तो इस प्रकार की भ्रम फैला रहे हैं, कि घटेरा के आसपास के गांव डूब जाएंगे तो कोई गांव डूबने वाला नहीं है। बिटिया का विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में करवाओगे तो 50 हजार रूपये का चेक मिलेगा।

**मेट्रो एंकर** | यंगस्टर्स बोले- उत्साह पूर्वक मनाएंगे आज मारुति नंदन का जन्मोत्सव

# प्रभु से सीखा सेवाभाव, शक्ति के साथ विनम्रता और बुद्धि जरूरी

विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

विशाल शक्ति, लेकिन बातों में विनम्रता मानवता के प्रति सेवा भाव और मंजिल पाने के लिए निरंतर कोशिश करते रहना कुछ ऐसे ही जीवन के मंत्र युवाओं ने प्रभु श्री हनुमान से सीखे है। युवा इन मंत्रों को जिंदगी में शामिल कर न सिर्फ मंजिल तक पहुंच रहे है, बल्कि जीवन को सही राह भी मिल रही है। आज 12 अप्रैल को श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव है यूथ का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी वह अपने आदर्श प्रभु श्री मारुतिनंदन का जन्मोत्सव उत्साह पूर्वक सेलिब्रेट करेंगे। पर्व सेलिब्रेशन करने के लिए तैयारियां कर ली है। हनुमानजी के रंग में रंगने ऑरेंज रंग के ट्रेडिशनल परिधान पहनेंगे न सिर्फ ब्वॉयज बल्कि गल्स ने भी ऑरेंज सलवार सूट पहनने की प्रिपरेशन की है। घर में सुंदर काण्ड पाठ करके सेलिब्रेशन करेंगे। भक्ति गीत और भजन प्रोग्राम होंगे। सेवाभाव को लेकर जरुरतमंदों को जरूरत की सामग्री भेंट की जाएगी।





शक्तिशाली होने के साथ ही बुद्धिमान और स्वभाव से विनम्र होना भी जरूरी है। प्रभु से मिली सीख मुझे बहुत जगह काम आती है। जिस जगह प्रेम और शांति पूर्वक बात करके मामले को सुलझाया जा सकता है, वहां विवाद करना गलत है

-आकाश साहू



वर्तमान की जरूरत मानवता और सेवा भाव है एक समय कोरोना काल में लोगों का सेवाभाव देखने मिला है हनुमान जी से मैंने यही सीख ली है कि नि:स्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए। मारुति नंदन के जन्मोत्सव पर जरुरतमंद लोगों के काम आ सकूं यही कोशिश रहेगी

-प्रिया सेन



समुद्र को देखकर हनुमान जी कुछ पल के लिए निराश हो गए थे, लेकिन जब उन्हें अपनी शाक्तियों का ज्ञात हुआ तो उन्होंने चुनौती से भरे समुद्र को पार कर लिया इससे यही सीख मिलती है कि हार मानने से पहले एक कोशिश जरूर करना चाहिए

-नीरज चौबे



हनुमान जी मेरे आदर्श हैं उनसे मैंने सीखा है कि यदि हमारा लक्ष्य निश्चित होगा तो समय और ऊर्जा का सदुपयोग कर पाएंगे। जैसे हनुमानजी ने लंका यात्रा के दौरान कई तरह की बाधाओं का सामना किया था लेकिन लक्ष्य निश्चित था और बाधाओं को पार करते हुए हासिल किया

-अनुप्रिया रजक



हनुमान ने अपने प्रभु श्रीराम के हर काम को जब तक पूर्ण नहीं कर लिया तब तक एक पल के लिए भी आराम नहीं किया फिर चाहे एक रात्रि में संजीवनी बूटी लानी हो या फिर माता सीता को खोजने लंका तक जाना हो जो हमे मोटिवेट करता है

-प्रिंसी नामदेव



हनुमान जी मेरे आदर्श है। मैं उनका भक्त हूं प्रभु के जीवन से कई प्रेरणा मिली है मेरे प्रभु हर कार्य में कुशल और निपुण थे। हर जगह श्रीराम जी की सहायता की। यह कार्य उन्होंने कुशलता व बुद्धि के साथ किया। मेरी कोशिश है कि जो भी कार्य मिले में उसे बहुत अच्छे से पूरा करूं

-राहुल लोधी ठाकुर



हनुमान जी हम सब की प्रेरणा है विषम परिस्थितियों में भी डटे रहकर कैसे हमें आगे बढ़ना है यह सीख हमें उनसे मिलती है वे सिखाते हैं कि लक्ष्य हासिल करने आगे बढ़ने की जरूरत है। वानर सेना का नेतृत्व हो या संजीवनी लाना हर बात प्रेरणादायी है

-गुड़िया ठाकुर तेन्दूखेड़ा



मैं हनुमान जी का भक्त हूं। जब दुविधा में होता हूं तो प्रभु को याद करता हूं और मेरी हर समस्या का समाधान हो जाता है। प्रभु से प्रेरणा मिली है। यदि यूथ ने उन्हें को अपना आदर्श रोल मॉडल बना लिया तो लाइफ संवर जाएगी

-दीपक विश्वकर्मा तेन्दूखेड़ा

### इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन में आज एक दिन में 2 मैच खेले जाएंगे

# आज लखनऊ-गुजरात के बीच होगा मुकाबला, सुदर्शन जीटी के टॉप स्कोरर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन में आज डबल हेडर (एक दिन में 2 मैच) खेला जाएगा। दिन के पहले मैच लखनऊ सुपर जायंट्स का गुजरात टाइटंस से सामना होगा। मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में दोपहर 3:30 बजे से खेला जाएगा। दोनों ही टीमों ने अपने पिछले मुकाबले जीते हैं और वे अपनी लय बरकरार रखना चाहेंगी। इस सीजन गुजरात की टीम 5 में से लगातार 4 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में फिलहाल टॉप पर है। लखनऊ को 5 में से 3 मैचों में जीत और 2 में हार मिली है। वहीं, दिन के दूसर मुकाबले में हैदराबाद सनराइजर्स का सामना पंजाब किंग्स से होगा।



## लखनऊ के खिलाफ गुजरात ने 5 में से 4 मैच जीते

लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल में अब तक 5 मैच खेले गए। शुरुआती चार मैच गुजरात ने जीते हैं। पिछला मैच लखनऊ ने अपने होम ग्राउंड पर पिछले साल जीता था।

## पूरन ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे

लखनऊ की टीम की बल्लेबाजी शानदार है। इस बात की संभावना कम है कि लखनऊ की टीम गुजरात के खिलाफ प्लेइंग-11 में किसी तरह का बदलाव करेगी। लखनऊ के बल्लेबाजी में निकोलस पूरन, मिचेल मार्श और एडेन मार्करम अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। पूरन फिलहाल ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। वहीं रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किए गए शार्दुल ठाकुर लखनऊ के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज है। उन्होंने 5 मैचों में कुल 9 विकेट झटके है।

## साई सुदर्शन टॉप स्कोरर

गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज साई सुदर्शन टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 5 मैचों में कुल 273 रन बनाए है। सुदर्शन इस सीजन में अब तक 3 हाफ सेंचुरी लगा चुके है। वहीं गेंदबाजों में साई किशोर टॉप पर हैं। उन्होंने 5 मैचों में कुल 10 विकेट लिए है। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 30 रन देकर 3 विकेट हॉल लिया था। लखनऊ के इकाना स्टेडियम की पिच बॉलिंग-फ्रेंडली है। यहां स्पिनर को ज्यादा मदद मिलती है। यहां लो स्कोरिंग मैच देखने को मिले हैं। इस स्टेडियम में कुल 16 आईपीएल मैच खेले गए। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 8 और पहले बॉलिंग करने वाली टीम ने भी 7 मैच जीते। 1 मैच रद्द भी हुआ। ग्राउंड का हाईएस्ट टीम स्कोर 235/6 है, जो कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछले साल लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बनाया था। आज लखनऊ में धूप के साथ बादल भी रहेंगे। बारिश की 25% आशंका है। तापमान 23 से 36 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

**दोनों टीमों की प्लेइंग- 12**

**लखनऊ सुपर जायंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), मिचेल मार्श, ऐडन मार्करम, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, डेविड मिलर, अब्दुल समद, शार्दूल ठाकुर, दिग्वेश राठी, आवेश खान, आकाश दीप, रवि बिश्नोई।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, वॉशिंगटन सुंदर, साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, शेरफेन रदरफोर्ड।

## डबल हेडर में आज SRH vs PBKS लगातार 4 हार के बाद हैदराबाद के लिए जीत जरूरी

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन में आज डबल हेडर (एक दिन में 2 मैच) खेला जाएगा। दिन के दूसर मुकाबले में हैदराबाद सनराइजर्स का सामना पंजाब किंग्स से होगा। मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। वहीं सिर्फ 1 मैच जीता है और 4 में हार झेली है। वहीं, दिन के पहले मैच लखनऊ सुपर जायंट्स का गुजरात टाइटंस से सामना होगा। हैदराबाद और पंजाब के बीच अब तक 16 आईपीएल मैच खेले गए हैं। इनमें से 16 हैदराबाद और 7 पंजाब ने जीते। वहीं, दोनों टीमें राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में 9 बार आमने-सामने हुई हैं। इसमें से 8 मुकाबले हैदराबाद ने और महज 1 पंजाब ने जीता है। हेनरिक क्लासन स्क्वा॥ के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने इस सीजन में 5 मैचों में कुल 152 रन बनाए है। उनके बाद दूसरे स्थान पर ट्रैविस हेड है। हेड ने 5 मैचों में 189.7 के स्ट्राइक रेट से कुल 148 रन बनाए है। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी टीम के लिए 5 विकेट लेकर टॉप पर हैं। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 4 मैचों में कुल 168 रन बनाए हैं। सीजन के पहले मैच में उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 42 गेंदों में नाबाद 97 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली थी। वहीं गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी है। उन्होंने 4 मैचों में 6 विकेट लिए है।

### मोंटे कार्लो मास्टर्स

# राउंड-16 में फोकिना और आर्थर ने जीत हासिल की

**मोंटे कार्लो. एजेंसी**



ब्रिटेन के पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जैक ड्रेपर और रूस के सातवीं वरीय खिलाड़ी आंद्रे रुबलेव का सफर यहां खेले जा रहे मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के राउंड-16 में ही थम गया। ब्रिटिश खिलाड़ी ड्रेपर को पुरुष एकल मुकाबले में स्पेन के गैरवरीय खिलाड़ी अलेक्जेंद्रो फोकिना ने तीन सेटों तक चले मुकाबले में 6-3, 6-7, 6-4 से हराया। वहीं, रुबलेव को फ्रांस के 12वीं वरीय आर्थर फिल्स के खिलाफ 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले चौथी वरीय कैस्पर रूड और एलेक्स डी मिनौर अपने-अपने मुकाबले जीतने में सफल रहे। रूड ने रॉबर्टो बतिस्ता को 6-2, 6-1 से शिकस्त दी।

## कभी नहीं सोचा था, इतनी बुरी हार मिलेगी

दो बार के पूर्व चैंपियन सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच मोंटे कार्लो में पहले ही दौर में मिली शिकस्त से बेहद दुखी हैं। जोकोविच को चिली के गैरवरीय खिलाड़ी ताबिलो ने 6-3, 6-4 से हराया था। नोवाक ने कहा, ने कहा, मैं खुद से कम से कम बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करता हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इतनी बुरी हार मिलेगी। यह भयानक है। मैं उन सभी लोगों से माफी मांगता हूं, जो मेरा मैच देखने के लिए यहां आए थे। इस हार बेहद निराशाजनक थी।

# बार्सिलोना ने छह साल में सबसे बड़ी जीत हासिल की

**बार्सिलोना.** स्टार खिलाड़ी रॉबर्ट लेवांदोवस्की के दो गोलों की मदद से बार्सिलोना ने यूएफा चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में शानदार प्रदर्शन करते हुए बोरुसिया डोर्टमंड को 4-0 से मात दी। टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबलों में बार्सिलोना की छह साल में यह सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले, बार्सिलोना ने 2018-19 में ल्योन को 5-1 से हराया था।

**पीएसजी ने एस्टन विला को दी शिकस्त:** मेजबान पेरिस सेंट जर्मेन ने भी क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में जीत हासिल की और एस्टन विला को 3-1 से हराया। पीएसजी के लिए डिजायर डोए ने 39वें, खाविचा ने 49वें और नूनो मेंडेस ने 90वें मिनट में गोल किया। बार्सिलोना के स्टार फुटबॉलर लेवांदोवस्की ने सर्वाधिक 48वें और 66वें मिनट में दो गोल ठोके।

# सिंधू का सफर जल्द थमा, कपिला-क्रेस्टो अंतिम-8 में

## एशिया चैंपियनशिप में निराशा मिली

**निंगबो (चीन). एजेंसी**

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा खिलाड़ी प्रियांशु राजावत गुरुवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में अपने-अपने प्री-क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर हो गए। इसके साथ ही महिला व पुरुष एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। हालांकि ध्रुव कपिला और तनिषा क्रेस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने चीनी ताइपे के ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को 12-21 21-16 21-18 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।



भारतीय जोड़ी अब हांगकांग के चुन मैन टैंग और यिंग सुएट त्से की जोड़ी से भिड़ेगी। कड़े संघर्ष में मिली मात 29 वर्षीय सिंधू ने तीसरी वरीय जापान की अकाने यामागुची को कड़ी टक्कर दी, लेकिन वह 12-21, 21-16, 16-21 से हार गईं। वहीं, राजावत पुरुष एकल में पांचवीं वरीय जापान के कोडाई नाराओका से 14-21, 17-21 हार गए। किरण जॉर्ज का सफर भी थम गया। वह थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्ण के खिलाफ 21-19, 13-21, 16-21 से हार गए।

# विनेश को 2 प्राइज देगी हरियाणा सरकार, रेसलर ने 4 करोड़ कैश के साथ प्लॉट मांगा; ओलिंपिक से बिना मेडल लौटी थीं

**चंडीगढ़, एजेंसी**

हरियाणा सरकार कांग्रेस विधायक और रेसलर विनेश फोगाट को एक नहीं बल्कि दो प्राइज देगी। इसमें 4 करोड़ रुपए का कैश अवॉर्ड और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का एक महंगा प्लॉट शामिल है। दरअसल, सीएम नायब सैनी ने विनेश को तीन ऑप्शन दिए थे। जिसके बाद विनेश ने 4 करोड़ कैश के साथ प्लॉट भी मांग लिया। विनेश ने खेल विभाग को चिट्ठी लिखकर अपनी डिमांड बताई है। उधर, खेल विभाग ने प्राइज देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग के सूत्रों का कहना है कि विनेश को तीन विकल्प दिए गए थे, और अगर वह तीनों चुनतीं तो भी सरकार पूरा करती। लेकिन उन्होंने सिर्फ दो ही चुने। वहीं, हरियाणा सरकार की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने



कहा, एक प्लेयर को लेकर व्यक्तिगत टिप्पणी करना अच्छी बात नहीं। उन्होंने हमारे देश को रिप्रजेंट किया है। ग्रामीण लेवल से उठकर देश का नाम रोशन किया। सीएम साहब ने अपनी जुबान दी थी तो उन्होंने इसे कायम रखा और आगे बात रखी। विनेश 2024 के पेरिस ओलिंपिक में फाइनल मुकाबले तक पहुंची थीं। हालांकि 100 ग्राम बड़े वजन की वजह से वह फाइनल मुकाबला खेलने से पहले ही बाहर हो गईं, जिसके बाद नायब सैनी ने विनेश का सिल्वर मेडलिस्ट जैसा सम्मान करने का ऐलान किया था। हालांकि जब कुछ नहीं मिला तो विनेश ने विधानसभा के बजट सत्र में कहा था कि सरकार ने उन्हें सिल्वर मेडल के बराबर सम्मान देने की घोषणा की थी। 8 माह बीत गए लेकिन कुछ नहीं मिला। विधायक विनेश फोगाट अपने गांव में बने स्टेडियम में बिजली, पानी और कोच की सुविधा नहीं होने का मुद्दा उठा रही थीं। ऐसे में बीजेपी के विधायकों ने उनके दावे को गलत बताया। इसके बाद विनेश ने सीएम सैनी से ही सवाल कर दिया।



## मेट्रो बाजार

# सोने ने फिर बनाया नया रिकॉर्ड, दाम 3,192 बढ़े, 93,353 प्रति 10 ग्राम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने के दाम ने शुक्रवार 11 अप्रैल को नया ऑल टाइम हाई बनाया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,192 बढ़कर 93,353 पर पहुंच गया। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 90,161 थी। एक किलो चांदी की कीमत आज 2,260 बढ़कर ?92,929 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 90,669 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 और 3 अप्रैल को सोने ने 91,205 का हाई बनाया था। बता दें अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ गई है। ऐसे में लोग सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है। डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब रुपया कमजोर होता है तो इसे इंपोर्ट करने में ज्यादा पैसे खर्च होते हैं। इस साल रुपए में लगभग 4 फीसदी की गिरावट आई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ गया है। शादियों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में सोने के गहनों की मांग बढ़ रही है। मुंबई, दिल्ली और चेन्नई जैसे शहरों में ज्वैलर्स ने बताया कि ऊंची कीमतों के बावजूद बिक्री में तेजी है, क्योंकि लोग सोने को निवेश और समृद्धि के प्रतीक के रूप में देखते हैं।



4 महानगरों में सोने की कीमत दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,600 रुपए है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,555 रुपए है। मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,400 रुपए है।

# अडाणी ग्रीन की रिन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी 10,000 मेगावॉट

**मुंबई, एजेंसी**

अडाणी ग्रीन रिन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी में 10,000 मेगावाट का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। इसमें 7,393 एमडब्ल्यू सोलर, 1,401 विंड और 2,140 सोलर-विंड हाइब्रिड कैपेसिटी शामिल है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। कंपनी ने कहा- अडाणी ग्रीन एनर्जी का 10,934 मेगावाट ऑपरेशनल पोर्टफोलियो 58 लाख से ज्यादा घरों को बिजली देगा और हर साल 2.1 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन से बचाएगा। ये उपलब्धि अडाणी ग्रीन एनर्जी और उसके डेवलपमेंट पार्टनर्स के लिए एक प्रमाण है जो 2030 तक 45,000 गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। गौतम अडाणी बोले - रिन्यूएबल सेक्टर में भारत का पहला दस हजारी होने पर गर्व अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा,हमें रिन्यूएबल सेक्टर में भारत का पहला दस हजारी होने पर गर्व है। एक दशक से भी कम समय में अडाणी ग्रीन एनर्जी ने न केवल एक ग्रीन फ्यूचर की कल्पना की है, बल्कि इसे साकार भी किया है। अडाणी ग्रुप का लक्ष्य भारत को क्लीन, रिलायबल और चेंजेबल बनाना है। 2030 तक इस दिशा में अपने अभियान में, हम खावड़ा में 30,000 का रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट बना रहे हैं। ये दुनिया में सबसे बड़ा प्लांट होगा। अडाणी ग्रीन न केवल दुनिया के लिए बेंचमार्क तय कर रहा है, बल्कि उन्हें री-डिफाइन भी कर रहा है।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**


# हीरो नंबर-वन मूवी के क्रू को गोविंदा ने तीन दिनों तक स्विट्जरलैंड में करवाया था इंतजार



गोविंदा 90 के दशक में सुपरस्टार थे. उन्होंने उस समय में एक से बढ़कर एक सुपरहिट फिल्में दी हैं. उनकी हर फिल्म रिलीज होते ही हिट हो जाती थी. गोविंदा को अपनी एक्टिंग के साथ डांस के लिए जाना जाता था. हीरो नंबर 1 के प्रोड्यूसर वासु भगनानी ने खुलासा किया है. वासु ने गोविंदा के साथ हीरो नंबर 1, बड़े मियां छोटे मियां जैसी कई फिल्मों में काम किया है.वासु भगनानी ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि गोविंदा तीन दिनों तक सेट पर नहीं आए थे लेकिन जब वो आए तो उन्होंने एक दिन में ही आधे से ज्यादा काम निपटा दिया. उन्होंने बताया कि गोविंदा के लिए 3 दिन तक पूरे 75 लोगों के क्रू ने स्विट्जरलैंड में उनका इंतजार किया था और वो नहीं आए थे. उसके बाद गुस्सा होकर मैंने उन्हें कॉल किया और कहा- अगर तुम नहीं आ रहे हो तो हम वापस आ जाते हैं. उन्होंने आगे कहा- मेरी बात सुनकर गोविंदा गुस्सा हो गए और कहा मैं आ रहा हूं. वो सुबह 6 बजे स्विट्जरलैंड में लैंड हुए और मैं उन्हें एयरपोर्ट पर लेने गया था. हम वैन में बैठे थे और एक-दूसरे से बात नहीं कर रहे थे. उसके बाद उन्होंने मुझसे कहा- मुझे शेव करना है और मैंने सोचा सुबह 6 बजे हमे कहां जगह मिलेगी. मैं उन्हें एक पैट्रोल पंप पर ले गया. जहां उन्होंने बेसिक रेजर खरीदा. उन्होंने बाथरुम में शेव किया 7:30 बजे उन्होंने अपना पहला शॉट दिया था. वो फिल्म का नंबर 1 गाना था. उन्होंने एक दिन में ही 70 प्रतिशत गाने की शूटिंग पूरी कर दी थी वो तीन दिन तक वहां नहीं थे लेकिन एक दिन में उन्होंने 70 प्रतिशत काम खत्म कर दिया था. ये तारीफ करने वाली बात है।

# अभिनेत्री श्रीदेवी के जीवन पर बनेगी बायोपिक!

श्रीदेवी ने अपने करियर में चांदनी, इंग्लिश-विंग्लिश जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में अभिनय किया। फिल्मों की तरह श्रीदेवी की अपनी निजी जिंदगी में भी काफी चर्चित शख्सियत थीं। साल 2018 में 24 फरवरी को श्रीदेवी का निधन हो गया था। एक साक्षात्कार में बोनी कपूर ने अपनी दिवंगत पत्नी श्रीदेवी को लेकर बात की। उन्होंने दिग्गज अभिनेत्री के जीवन पर फिल्म बनाने की योजना पर भी चर्चा की। साक्षात्कार में बोनी कपूर ने श्रीदेवी के जीवन पर बायोपिक बनाने की योजना पर कहा, वह बेहद निजी इंसान थीं और उनकी जिंदगी निजी ही रहनी चाहिए। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कभी होगा। जब तक मैं जीवित हूं, तब तक तो मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। गौरतलब है कि श्रीदेवी इंडस्ट्री की सबसे चर्चित और मशहूर अभिनेत्रियों में से एक थी। उन्होंने अपने करियर में चांदनी, इंग्लिश-विंग्लिश जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में अभिनय किया। फिल्मों की तरह श्रीदेवी की अपनी निजी जिंदगी में काफी चर्चित शख्सियत रहीं।



# सावरकर-यमुनाबाई की प्रेम कथा बहुत अनोखी, थी रणदीप के निर्देशन में दिखी अलग बात



अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने आखरी बाद फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' में सावरकर की पत्नी यमुनाबाई की भूमिका निभाई थी। अंकिता मानती है कि यमुनाबाई का ऐसा किरदार है जो आज की महिलाओं के लिए प्रेरणादायक साबित होगा। अभिनेत्री से निर्देशक बनी कंगना रणौत के निर्देशन में फिल्म मणिकर्णिका - झांसी की रानी में काम करने के बाद अंकिता लोखंडे ने अभिनेता से निर्देशक बने रणदीप हुड्डा के साथ फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर में काम किया था। अंकिता कहती है कि अगर वह निर्देशक बनी तो रणदीप जैसी निर्देशक बनेंगी। अंकिता ने एक इंटरव्यू में बताया कि मैं इस फिल्म को लेकर बहुत ही ज्यादा उत्साहित थी। जब इस फिल्म का ऑफर आया तो सबसे पहले मेरे दिमाग में यही चल रहा था कि यह सावरकर जी की कहानी है और उनकी पत्नी का किरदार है तो बहुत ही उत्साहित हुई। सावरकर की पत्नी यमुनाबाई का ऐसा किरदार है जिसके बारे में लोग बहुत कम जानते हैं। लेकिन इस किरदार को देखकर आज की महिलाएं काफी प्रेरित होंगी। मुझे बहुत अच्छा लगा कि ऐसा किरदार निभाने का मौका मिला। सावरकर के बारे में मैंने थोड़ा पड़ा है, लेकिन ज्यादा उनके बारे में सुना था। महाराष्ट्र में इनकी प्रसिद्धि बहुत ज्यादा है। मैं खुद महाराष्ट्रियन परिवार से हूं। लेकिन मुझे सावरकर की पत्नी यमुनाबाई के बारे में ज्यादा पता नहीं था। लेकिन जब इस फिल्म का ऑफर आया तो उनके बारे में पढ़ा कि वह किस तरह की औरत थीं? अपने पति का सम्मान करती थी। छोटी उम्र में उन्हें पता था कि उनके पति देशभक्त हैं जिन्हें परिवार से ज्यादा चिंता देश को आजादी दिलाने की थी। यह जानते हुए भी उन्होंने सावरकर से शादी की। इससे पता चलता कि उनका खुद इस देश के लिए कितना प्यार था। सावरकर का जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण रहा है, इस बात को तो सभी जानते हैं। लेकिन, यमुनाबाई के जीवन में भी बहुत ही संघर्ष रहा है। उन्होंने तलवार और बंदूक से तो युद्ध नहीं किया, लेकिन देश के आजादी के लिए उनका एक अलग युद्ध चल रहा थी।

## गर्मी सब को लगती है.....







भोपाल के वन विहार में जानवरों को गर्मी से बचाने के लिये कई जतन हर वर्ष किये जाते हैं। इस बार भी जानवरों के रहने के स्थान पर कूलर से लेकर पानी के हौद तक बनाए गए हैं। जानवर इसमें अक्सर राहत पाते नजर आते हैं। चित्र में तेंदुए के पिंजरे के बाहर लगा कूलर और पानी के हौद के पास आराम फरमाता बाघ।

### आदतन बदमाशों ने युवक को किया अगवा, निवस्त्र कर पीटा

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित नवीबाग इलाके से इब्राहिमगंज अपने घर जा रहे युवक का आदतन बदमाशों अपहरण कर लिया। आरोपी उसे जंगल में लेकर पहुंचे और उसके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान उसके सिर पर छुरी से हमला भी किया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ऋषि शर्मा उर्फ बच्चा (20) इब्राहिमगंज में रहता है और प्राइवेट काम करता है। उसने बताया कि गुरुवार रात वह नवीबाग से घर की ओर जा रहा था। तभी उसे संजू बच्चा, माधव लाल, नक्कू, लिल्ली व रोहित ने रोक लिया। उनके साथ 4-5 अन्य युवक भी थे। वह उसे जबरन अपने साथ ईटखेड़ी के जंगल में लेकर पहुंचे। वहां उसके कप? उतार दिए और मारपीट की। मारपीट करते हुए उससे 800 रुपए भी छीन लिए। आरोपियों ने उसके सिर पर हमला किया था।

### आईपीएल पर सट्टा बुक करते गिरफ्तार

**भोपाल।** बागसेवनिया पुलिस ने अस्सी फीट रोड पर एक आरन्या इन्क्लेव में आईपीएल पर सट्टा बुक करते हुए पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरन्या इन्क्लेव में कुछ युवक मोबाइल पर ऑनलाइन सट्टा बुक कर रहे है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरन्या इन्क्लेव स्थित मकान से सट्टा बुक कर रहे कृष्णा शर्मा, तरुण शर्मा, दीपक बोहरे, सत्यम तिवारी, अर्पित उपाध्याय को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से तीन हजार रुपए नकद, मोबाइल फोन और सट्टा पर्ची जब्त की गई।


### छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित खेजड़ा चौराहा पर हादसा

# भतीजी को परीक्षा दिलाने जा रहे फूफा को कार ने मारी टक्कर, मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित खेजड़ा चौराहा पर कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे के समय बाइक सवार अपनी भतीजी को आंगनवाड़ी महिला सुपरवाइजर की परीक्षा दिलाने के लिए ले जा रहा था। घटना गत 1 अप्रैल की सुबह की है। हादसे के बाद बाइक सवार और उसकी भतीजी का इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान गुरुवार रात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले कार चालक पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार लज्जा अहिरवार पिता रामेश्वर अहिरवार (22) कुरवाई जिला, विदिशा ने शिकायत करते हुए बताया कि वह एमए फस्ट ईयर की प?ाई कर रही है। उसका गत 1 अप्रैल को आंगनवाड़ी महिला सुपरवाईजर की परीक्षा थी। वह कुरवाई से अपने फूफा नारायण अहिरवार (41) के घर ग्राम इमलिया आई थी। 1 अप्रैल की सुबह फूफा नारायण अहिरवार उसे परीक्षा दिलाने के लिए बाइक से बैष्णवी कालेज भोजपुर बंगरसिया ले जा रहे थे। वे बाइक से गणेश नमकीन के पास खेज?ा चौराहा पर पहुंचे ही थे कि कोकता की तरफ से आ रही कार के चालक ने कार तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर उनकी बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नारायण अहिरवार और लज्जा बाइक समेत स?क पर गिर गए। हादसे में नारायण अहिरवार को सिर, बांए पैर के घुटने के नीचे गंभीर चोट आई थी, जबकि लज्जा को बाएं पैर व बाएं हाथ की कोहनी एवं सिर में चोट आई थी। कार वाला उन्हें निजी अस्पताल के सामने छोड़कर चला गया। करीब 8 दिन चले इलाज के बाद गुरुवार रात नारायण अहिरवार की इलाज के दौरान मौत हो गई।



### बाइक सवार आरक्षक को कार ने मारी टक्कर

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित गुफा मंदिर रोड पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार आरक्षक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आरक्षक बाइक समेत स?क पर गिर गया। उसे हाथ पैर में चोट आई है। आरक्षक ने कार चला रहे युवक को ठीक से कार चलाने का कहा तो वह भ?क गया और गालीगलौज करते हुए कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरक्षक की शिकायत पर कार चालक पर एक्सीडेंट करने और गालीगलौज की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। कार के नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार गोविंद गुर्जर पिता जगदीश गुर्जर (33) ए-74, इलेग्जर गार्डन न्यू जेल रोड निशातपुरा में रहता है। इस समय वह कोतवाली थाने में आरक्षक बतौर पदस्थ है। गोविंद गुर्जर ने कोहेफिजा पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गुरुवार शाम करीब चार बजे वह अपने घर से बाइक से रविन्द्र भवन ड्यूटी जा रहा था। केयरवेल अस्पताल के पास गुफामंदिर रोड पर पहुंचा था, तभी पीछे से आ रही कार के चालक ने तेजी और लापरवाही पूर्वक कार चलाकर उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गोविंद बाइक सहित जमीन पर गिर गया। एक्सीडेंट में उसे दोनो हाथों की गद्दी और बाएं पैर के घुटने में चोट आई है। गोविंद ने कार चालक से कहा कि कार देखकर चलाया करो तो वह भ?क गया और गालियां देते हुए कहना लगा कि तेरी गलती है। कुछ देर विवाद करने के बाद वह कार लेकर फरार हो गया।

### जीप ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अस्सी फीट रोड, प्रधान मंडपम के सामने अहमदपुर कब्रिस्तान के सामने जीप ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक को सिर में गंभीर चोट थी। उसे इलाज के लिए एम्स ले जाया गया, वहां कुछ ही देर बाद युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस को टक्कर मारने वाली जीप का नंबर मिल गया है। नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार 58 साल के राजेश झरब?, वैशाली अपार्टमेंट कोलार में रहते थे और कटारा हिल्स में कूलर की दुकान में काम करते थे। गुरुवार रात वह अपने साथी के साथ दुकान से छूटकर घर जा रहे थे। साथी दूसरी बाइक पर था, जबकि राजेश अपनी बाइक पर था। दोनों आगे पीछे चल रहे थे। राजेश प्रधान मंडपम मैरिज गार्डन से 100 मीटर पहले अहमदपुर कब्रिस्तान के सामने पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक को पीछे से आ रही जीप के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राजेश बाइक समेत स?क पर गिर गए थे। उन्हें सिर में गंभीर चोट थी। साथी उन्हें एम्स अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां कुछ देर चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई।

## पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया डर के कारण लगा ली ली फांसी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

ईटखेड़ी थाना क्षेत्र में गांव रायपुर में एक युवक ने खेत में पे? पर फांसी लगा ली। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि उसकी एक महिला मित्र लापता हो गई थी। इस संबंध में गुनगा पुलिस ने उससे पूछताछ की थी। पुलिस के डर के कारण भाई ने यह कदम उठाया है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

ईटखे?ी थाना प्रभारी दुर्जन सिंह बरक? ने बताया कि 22 वर्षीय सतीश दांगी पिता राधेश्याम दांगी रायपुर गांव ईटखे?ी में रहता था। वह गांव में ही पिता के साथ खेती-किसानी करता था। उसके भाई सुरेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि गुरुवार दोपहर को गुनगा क्षेत्र में रहने वाली भाई की महिला मित्र लापता हो गई। परिजन की शिकायत के बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए सतीश को बुलाया था। इससे वह डर गया। उसे लगा कि पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी। इसका जिक्र उसने भाई से किया था। इसके बाद से वह लापता था। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी में निकले। इस दौरान सतीश की लाश खेत में पे? पर लटकी हुई मिली। सूचना मिलता ही पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था।

**लापता होने वाली युवती से था प्रेम प्रसंग:** पुलिस की जांच में सामने आया है कि सतीश गुनगा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से प्रेम करता था। वह युवती अचानक घर से लापता हो गई। परिजन के कहने पर पुलिस ने सतीश को पूछताछ के लिए बुलाया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित बरोड़ी बरखेड़ा में 60 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगा ली। उनकी लाश उनकी पत्नी ने मचान पर फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। परिजन के बयान से पता चला कि वह शराब पीने के आदी थे। आत्महत्या से पहले भी उन्होंने शराब पी थी। पुलिस के अनुसार 60 साल के अनिल अहिरवार, गांव बरो?ी बरखे?ा में रहते थे और मजदूरी करते थे। उनके बच्चे भोपाल में रहते हैं। यहां गांव में वह पत्नी के साथ रहते थे। उनकी पत्नी ने पुलिस को बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे वह शराब पी रहे थे। उन्हें कमरे में खाना देकर वह अपने घरेलू कामकाज में जुट गई। करीब दो बजे कमरे के बाहर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो प?ोसियों की मदद से दरवाजा तो?ा गया। इस दौरान अनिल का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के बदा परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगा रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित पंचवटी कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार सनी वर्मा पिता संजीव वर्मा (38) पंचवटी कालोनी में रहता था और ठेकेदारी करता था। गुरुवार सुबह पिता ने उसे फांसी पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। बताया जाता है कि शनि की शादी हो चुकी थी, लेकिन पत्नी इन दिनों मायके में रह रही थी। परिजन के बयान के बाद ही आत्महत्या के कारण का खुलासा हो सकेगा।

**मेट्रो एंकर**

### ग्राम नयापुरा का मामला

# नाबालिग से दुराचार व हत्या के आरोपी को मृत्युदण्ड की सजा

सिवनीमालवा, दोपहर मेट्रो

प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सिवनी मालवा तबस्सुम खान ने आरोपी अजय वाडिवा पिता हेमराज वाडिवा उम्र 30 साल निवासी ग्राम खल खारदा सिवनी मालवा को मृत्युदण्ड से दण्डित किया गया। उल्लेखनीय है कि 02-01-2025 को रात 10.27 बजे के बीच थाना सिवनी मालवा की डायल 100 को ग्राम नयापुरा से एक छोटी बच्ची उम्र 6 वर्ष के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई। जिसे मौके पर पहुंचकर डायल 100 के आर. 65 राहुल कौशल द्वारा परिजनों के साथ घर के आस पड़ोस में बच्ची की तलाश की गई। जिसके उपरांत परिजन द्वारा संदेही अजय आदिवासी पर व्यक्त करने पर गुम इंसान 04/25 दर्ज किया गया तथा गुमशुदा नाबालिग होने एवं संदेही अजय आदिवासी के द्वारा बच्ची अपहरण करने के संदेह पर अप. क्र. 02/25 धारा 137 (2) बीएनएस



का कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की प्रकृति गंभीर एवं संवेदनशील होने से पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ. गुरकरन सिंह एवं अनु. अधि. सिवनी मालवा राजू रजक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं संदेही को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने व प्रकरण में भौतिक साक्ष्य संकलित करने के निर्देश दिये गए। प्रकरण की विवेचना थाना प्रभारी निरी. अनूप उईके द्वारा की गई। टीम द्वारा आरोपी अजय वाडिवा पिता हेमराज वाडिवा उम्र 30 साल निवासी ग्राम खल खारदा सिवनी मालवा को घटना के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया। थाना सिवनी मालवा द्वारा महज 10 दिवस के अंदर दिनांक 13/01/2025 को मामले में अनुसंधान कर अभियोग पत्र, एडीजे न्यायालय. सिवनी मालवा के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिसमें परिजन, स्वतंत्र साक्षी एवं अन्य साक्षी मिलाकर कुल 41 अभियोजन साक्षियों को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया गया था।, न्यायालय द्वारा साक्षियों के परीक्षण उपरांत महज 2 माह 28 दिन के अंदर ट्रायल पूर्ण कर दिनांक 11/04/25 को आरोपी अजय वाडिवा पिता हेमराज वाडिवा उम्र 30 साल निवासी ग्राम खल खारदा सिवनी मालवा को सभी धाराओं में दोषी करार देते हुए फांसी की सजा से दंडित किया गया है। विगत 3 वर्षों में नर्मदापुरम पुलिस द्वारा तीसरी बार इस तरह की घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को मृत्युदंड की सजा से न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है।

### युवक पर डंडे और रॉड से जानलवे हमला

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित पशु बाजार मुक्तिधाम के पास दो युवकों ने एक युवक से मारपीट करते हुए उस पर डंडे और रॉड से हमला कर दिया। घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार देवीराम कुशवाह पिता हरप्रसाद कुशवाह (35) टिकनखेडी बैरसिया में रहता है। उसने शिकायत करते हुए बताया कि खेती किसानी करता है और बैरसिया मवेशी बाजार मे पशु पंजीयन का ठेका लिया है। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे वह अपने दोस्त राजेन्द्र कुशवाह के साथ पशु बाजार बैरसिया मुक्तिधाम के सामने गया था। इस दौरान उनका दोस्त राजेन्द्र कुशवाह उनके साथ पशु बाजार में था। सुबह करीब 11 बजे नवनीत यादव, अन्नू उर्फ अभिषेक यादव, दिनेश यादव पशु बाजार पहुंचे।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022